दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 41
कोटद्वार गुरूवार
1 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## लिपुलेख–तवाघाट सड़क के पास दरकी चट्टान

### धारचूला और गुंजी में करीब 300 यात्री फंसे



**पिथौरागढ़** । लिपुलेख–तवाघाट सड़क धारचूला से 45 किमी ऊपर लखनपुर के पास भारी चट्टान दरकने से सौ मीटर बह गई है। इससे धारचूला और गुंजी में करीब तीन सौ फंस गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार सड़क खुलने में कम से कम दो दिन का समय लग सकता हैं।

प्रदेश में इन दिनों मौसम करवट बदल रहा है। प्रदेश के कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है, जिससे नुकसान की खबरें भी सामने आ रही हैं। कहीं वाहन मलबे में दब गए हैं, तो कहीं जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं अब पिथौरागढ़ के लिपुलेख–तवाघाट सड़क के पास भूस्खलन होने से यहां आवाजाही ठप हो गई हैं। आदि कैलाश यात्री फंस गए हैं। केएमवीएन के यात्राधिकारी धन सिंह बिष्ट ने बताया कि सड़क खुलने में दो दिन से अधिक का समय लग सकता है।

## पीएम मोदी ने पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर में की पूजा अर्चना

**अजमेर,एजेंसी** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अजमेर जिले के पुष्कर पहुंचे और ब्रह्मा मंदिर में पूजा अर्चना की. पीएम का तमिनाडू से मंगवाई गई इलायची की विशेष माला से स्वागत किया गया. इसके साथ ही पीएम मोदी को ब्रह्माजी की तस्वीर भेंट की गई. राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हेलीकॉप्टर से तीर्थ नगरी पुष्कर पहुंचे.इससे पहले मोदी नई दिल्ली से विशेष विमान से किशनगढ़ हवाई अड्डे पर उतरे और वहां से वह हेलीकॉप्टर के जरिये तीर्थ नगरी पुष्कर पहुंचे. प्रधानमंत्री मोदी ने पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर में पूजा अर्चना की और उसके बाद वह हेलीकॉप्टर से जयपुर–अजमेर राजमार्ग पर स्थित कायड़ विश्राम स्थली के लिए रवाना हुए जहां वह जनसभा को संबोधित करेंगे.

## मांगों को लेकर कोई समझौता नहीं, आज आखिरी दिनः सचिन पायलट

**बूंदी, एजेंसी।** पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने टोक में मीडिया से रूबरू होकर कहा आज मई खत्म हो रहा है। कल नया महीना शुरू होगा। मैं फिर आपको कह रहा हूं। मेरे नौजवान साथियों को जो आश्वासन मेरे नौजवान साथियों को मैंने दिया है। जो कमिटमेंट्स किए हैं वो हवाई बातें नहीं हैं। ये ऐसी बातें नहीं हैं जिससे कोई कह सकता है कि गलत बात है। कांग्रेस पार्टी हमेशा करप्शन के खिलाफ रही है। कांग्रेस पार्टी हमेशा नौजवानों के पक्ष में रही है। तो उनको न्याय दिलाना और बीजेपी सरकार में जो करप्शन हुआ उस पर जांच बैठाना अति अनिवार्य है। इस पर कोई कॉम्प्रोमाइज नहीं है।



पायलट बोले– आप सभी जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व और राहुल गांधी हम सब इस बात को कई बार दोहरा चुके हैं कि करप्शन को लेकर हमारी जीरो टोलरेंस है। किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार को हम लोग स्वीकार नहीं कर सकते। कांग्रेस ही वो पार्टी है जिसने नौजवानों को हमेशा राजनीति और बाकी क्षेत्रों में प्रोत्साहित किया है और आगे आने का मौका दिया है। तो नौजवानों के साथ कहीं नाइंसाफी होती है तो मैं समझता हूं पार्टी हमेशा उसके खिलाफ रही है।

भ्रष्टाचार और नौजवानों के भविष्य इन दो मुद्दों पर किसी प्रकार का कोई समझौता करे या मैं समझौता करूं, ये सम्भव नहीं है। दो दिन पहले मेरी बात दिल्ली में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से रखी थी। जो मांगें मैंने रखी थीं, उसका पूरा संज्ञान पार्टी को है। दिल्ली में परसों ही मैंने बात की है। मैंने 15 तारीख को एक सभा को संबोधित किया था तो कहा था कि भाजपा के शासन में, वसुंधरा जी के कार्यकाल में जो–जो करप्शन के मामले उठे थे। तो खुद मैंने, गहलोत साहब ने, तमाम कांग्रेस नेताओं ने अपने मुंह से कई बार इस बात को पब्लिक डोमेन में कहा था। तो उन पर एक प्रभावी जांच होनी चाहिए। आरपीएससी में काफी पद खाली पड़े हैं। स्थिति बेहतर हो सकती हैं इसलिए आमूल चूल परिवर्तन लाना और लाखों बच्चें जो मुश्किल से शहरों में जाकर मकान किराए पर लेते हैं।

## गढ़वाल विवि को पांच असिस्टेंट व चार एसोसिएट प्रोफेसर मिले

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि को विभिन्न विभागों में पांच असिस्टेंट प्रोफेसर व चार एसोसिएट प्रोफेसर मिल गए हैं। उक्त पदों पर चयन के लिए 23 मई से साक्षात्कार आयोजित किए गए थे। 30 मई को हुई विवि की कार्य परिषद की बैठक में चयनित उम्मीदवारों के नाम का अनुमोदन कर उन्हें नियुक्ति दिए जाने की संस्तुति दी गई। इनमें विवि के उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी एवं शोध संस्थान (हैप्रक) में डा. विजयकांत पुरोहित, इतिहास विभाग में डा. सुरेंद्र सिंह बिष्ट, नरेश नेगी, पूरन लाल मीना, सुबोधा मेंडले को एसोसिएट प्रोफेसर तथा इतिहास विभाग में सपना रावत, दर्शन शास्त्र में डा. कविता भट्ट व डा. रिषिका वर्मा एवं मनोविज्ञान विभाग में सेरलिंग डोल्कर कौम्पा को असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्त किया गया है। (एजेंसी)

## श्रीनगर में यात्रियों को पिलाया जूस

**श्रीनगर गढ़वाल** : निर्जला एकादशी पर यहां विभिन्न संगठनों और महिलाओं ने यात्रियों को ठंडा पानी और जूस पिलाया। गो सेवा संवर्धन समिति के सदस्यों ने इस दौरान महिला थाने के समीप, केशर कोठियाल, शोभित जोशी, बसंती जोशी आदि ने संयुक्त अस्पताल गेट के समक्ष, नर्सरी और ट्रेजरी रोड की महिलाओं ने श्रीयंत्र टापू के पास राजमार्ग पर यात्रियों को रोककर उन्हें जूस व पानी उपलब्ध कराया। (एजेंसी)

## नाटक के माध्यम से दी ईमानदारी से मेहनत करने की सीख

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के लोक कला संस्कृति निष्पादन केंद्र की ओर से आयोजित बाल रंग यात्रा के चौथे दिन परिस्कारम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने जादुई छल्ला नाटक की शानदार प्रस्तुति दी। नाटक का निर्देशन विवेक शर्मा एवं लव पंडित द्वारा किया गया।

नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि जीत नाम का एक व्यक्ति अपने परिवार के लिए तांत्रिक से जादुई छल्ला लेता है और उसे अपने परिवार के सदस्यों को दे देता है। लेकिन जीत की एक बेटी को अपनी मेहनत और लगन पर भरोसा रहता है और वह जादुई छल्ला लेने से मना कर देती है। अपनी मेहनत के बल पर वह इंटरनेशनल क्विज प्रतियोगिता जीत जाती है और उसे अमेरिका जा कर पढ़ाई करने का मौका मिलता है। जबकि जादुई छल्ला पहनने वाले उसके परिवार के सदस्य दुःखी रहते हैं। अंत में जीत और अन्य सभी सदस्य जादुई छल्ला उतारकर फेंक देते हैं। इस नाटक के माध्यम से अंधविश्वास के बजाय ईमानदारी से मेहनत करने की सीख दी गई। मौके पर गढ़वाल विवि की पूर्व प्रोफेसर शशिकिरण पांडे, प्रो. डीआर पुरोहित आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## कार दुर्घटना में एक ही परिवार के पांच लोग घायल

**विकासनगर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत धर्मावाला–कुंजा मार्ग पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। घायलों को धर्मावाला स्थित अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया, जहां घायलों का उपचार चल रहा है।

### सांसद बृजभूषण का पहलवानों पर पलटवार, कहा

## अगर एक भी आरोप साबित हुआ तो खुद फांसी लगा लूंगा

**बाराबंकी , एजेंसी।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने महिला पहलवानों के द्वारा मेडल गंगा में बहा देने की चेतावनी पर पलटवार किया है।



भाजपा सांसद ने बाराबंकी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने कहा था कि अगर एक भी आरोप मेरे ऊपर साबित हो जाएगा तो मैं स्वयं फांसी पर लटक जाऊंगा। आज भी मैं उसी बात पर कायम हूं।

भाजपा सांसद ने कहा कि चार महीने हो गए वो मेरी फांसी चाहते हैं लेकिन सरकार मुझे फांसी नहीं दे रही है तो वो (पहलवान) अपना मेडल लेकर गंगा में बहाने जा रहे हैं। मुझ पर आरोप लगाने वालों गंगा में मेडल बहाने से बृज भूषण को फांसी नहीं मिलेगी। अगर तुम्हारे पास सबूत है तो न्यायलय को दो और न्यायालय मुझे फांसी देगा तो मुझे वो स्वीकार है।

मैंने कहा था कि अगर एक भी आरोप मेरे ऊपर साबित हो जाएगा तो मैं स्वयं फांसी पर लटक जाऊंगा। आज भी मैं उसी बात पर कायम हूं। 4 महीने हो गए वो मेरी फांसी चाहते हैं लेकिन सरकार मुझे फांसी नहीं दे रही है तो वो (पहलवान) अपना मेडल लेकर गंगा में बहाने जा रहे हैं। पहलवानों ने सरकार को पांच दिन की मोहलत दी है। इसके बाद वह गंगा में मेडल विसर्जित कर सकते हैं। मेडल विसर्जित करने जा रहे पहलवानों को किसान नेता नरेश टिकैत ने मनाया था।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के हर वर्ग का कल्याण हुआ : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जीएमएस रोड स्थित फार्म हाउस में "भाजपा संयुक्त मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति" की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यसमिति की इस बैठक में महाजनसंपर्क अभियान, संगठनात्मक विषयों, मन की बात, बूथ सशक्तिकरण अभियान सहित अन्य विषयों पर किये गये गहन मंथन से जो 'प्रेरणा रूपी अमृत' निकलेगा वह निश्चित रूप से प्रदेश भाजपा के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले नौ सालों में देश के हर वर्ग का कल्याण हुआ है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भाजपा की कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए।

आजादी के बाद के वर्षों की तुलना में पिछले नौ वर्षों के दौरान विकास के सभी मापदंडों के आधार पर हम कह सकते हैं, हमारे देश ने हर क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति की है, जिसका लोहा आज संपूर्ण विश्व मान रहा है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का सांस्कृतिक वैभव पुनः वापस लौट रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें इन विशेष अभियानों के माध्यम से समाज के हर वर्ग और हर व्यक्ति तक पहुंचना है। महाजनसंपर्क अभियान द्वारा विभिन्न समुदायों के साथ ही समाज के प्रबुद्ध वर्ग, युवा वर्ग तथा महिलाओं के बीच जाना होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलते हुए भारत की उभरती तस्वीर को आमजन के समक्ष रखते हुए उन्हें केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देनी होगी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री श्री मोदी पर अपना भरोसा जताया था, और आज जनता के इसी भरोसे ने 2014 से 2023 के नौ वर्षों की अवधि में देश की "समृद्धि रूपी" रेल गाड़ी को "विकास रूपी पटरियों" पर तेजी से दौड़ाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नौ सालों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा तक, निःशुल्क खाद्यान्न से लेकर निःशुल्क इलाज तक, किसानों के विकास से लेकर गरीबों के आवास तक, सेना के आधुनिकीकरण से लेकर सीमाओं की सुरक्षा तक, प्रत्येक नागरिक को वैक्सीन पहुंचाने से लेकर हथियार और मोबाइल उत्पादन तक हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किये गए हैं। पहले भारत दवाओं और टीकों के लिए विदेशी कृपा पर निर्भर रहता था, जबकि केन्द्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत ने कोविड के दो स्वदेशी टीके न केवल विकसित किए बल्कि कई देशों को इन जीवनरक्षक दवाओं की आपूर्ति भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केन्द्र सरकार की ओर से शिक्षा का बजट तीन गुना बढ़ाना और एक सुविचारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पाठ्यक्रम लाना उनकी "शिक्षित समाज-मजबूत भारत" की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में गरीबों के लिए आवास निर्माण की ऐसी क्रांति पहले कभी नहीं दिखी।

इन नौ वर्षों में लगभग साढ़े तीन करोड़ से अधिक के आवास गरीबों के लिए बनाए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड की पाँचों लोकसभा सीटों पर हमारे सांसद हैं, 2024 के चुनावों में हमारा संकल्प इन पांचों सीटों पर विजय प्राप्त करना ही नहीं है बल्कि पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए एक नए इतिहास की रचना करना भी है। हम सबके प्रिय नेता नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें इसके लिये हमें 2024 के इस पुण्य अभियान में अभी से पूर्ण मनोयोग के साथ जुट जाना है।

## कांग्रेस राज में कब दंगा हो जाए, इसकी गारंटी नहीं, सरकार आतंकियों पर मेहरबानः मोदी

**अजमेर , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान दौरे पर हैं। वे पुष्कर पहुंच गए हैं, यहां पीएम मोदी ने ब्रह्मा मंदिर में पूजा–अर्चना की। जिसके बाद वे अजमेर पहुंचे। कुछ ही देर में पीएम मोदी जनसभा को संबोधित कर रहे हैं।

प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– बड़ी संख्या में बेटियां सेना में भर्ती हुई है। 9 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया। पाइप लाइन से पानी देने, सौभाग्य योजना में मुफ्त बिजली कनेक्शन, बेटी को बीमारी के लिए आयुष्मान भारत योजना, चूल्हा नहीं फूंकना पड़े इसलिए उज्जवला योजना, जनधन बैंक खाते खोले। इसका परिणाम भी सामने है।



मोदी ने कहा– कांग्रेस के पास कोई मंगल कामना और विकास का विजन नहीं है। झूठी गारंटी कांग्रेस देती है। 10 दिन में कांग्रेस ने गारंटी पूरी करने वाली थी। क्या कांग्रेस ने वो वादा निभाया। जो कहा वो किया क्या। तो जनता ने कहा नहीं। मोदी ने कहा ये ऐसी गारंटियां देते है तो राज्य और देश दीवालिया हो जाएगा। दुनिया में जो देश दीवालिया हो रहे हैं, उनकी स्थिति आप देश रहे हैं। इसलिए कांग्रेस से राजस्थान के लोगों को बहुत सावधान रहना है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित राजस्थान का होना बहुत जरूरी है। इन दशक में लोग भारत का कायाकल्प होते देखेंगे।

आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, आधुनिक रेलवे, आधुनिक एयरपोर्ट दुनिया के किसी देश से कम नहीं होंगे। भारत के लोगों के पास शिक्षा, स्वास्थ्य के सब संसाधन होंगे। भारत दुनिया की सबसे बड़ी मेन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री, निर्यातक, टूरिस्ट डेस्टिनेशन में से एक बनेगा। इसमें राजस्थान के लोगों को बड़ी भूमिका निभानी है। पराक्रम और परिश्रम की भूमि नवनिर्माण के लिए तैयार है। मैं विश्वास दिलाता हूं आपने 9 साल मुझे बिना रुके और बिना थके काम करते देखा। सिर्फ 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार, मेरा परमात्मा है। अभी भी आपके विकास के लिए जी जान से जुटा रहूंगा। आपका आशीर्वाद ही मेरी ताकत है। मोदी ने हाथ ऊपर उठवाकर सभी में उपस्थित लोगों से तीन बार भारत माता की जय के नारे लगवाए और धन्यवाद किया।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा– 5 साल पहले राजस्थान की जनता ने कांग्रेस को जिताया। लेकिन बदले में राजस्थान को क्या मिला। अस्थिरता और अराजकता। यहां 5 साल से विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री आपस में लड़ने मे ही बिजी हैं। राजस्थान की जनता की कांग्रेस को कोई चिंता नहीं है। अपराध चरम पर है। लोग अपने तीज त्योहार तक शांति से नहीं मना पाते। कब कहां दंगा हो जाए, इसकी कोई गारंटी नहीं और कांग्रेस सरकार आतंकियों पर मेहरबान है। कांग्रेस सरकार आतंक के तुष्टिकरण कर रही है। बेटियों के खिलाफ अपराध करने वालों को कांग्रेस सरकार ने खुली छूट दे रही है। बेटियों की सुरक्षा और हित की बिल्कुल भी परवाह नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा– ये भारत के लोग ही हैं जिन्होंने महामारी के बाद देश की अर्थव्यवस्था को ऊंचाईयों पर पहुंचाया है। दुनिया कह रही है ये भारत का दशक और भारत की सदी है। लेकिन कुछ लोगों को भारत की ये कामयाबी पच नहीं रही है। 3 दिन पहले भारत को नया संसद भवन मिला है। क्या आपको गर्व हुआ की नहीं हुआ, आपका माथा ऊंचा हुआ कि नहीं हुआ। अपने देश की शान बढ़ने पर आपको गर्व हुआ कि नहीं हुआ। लोगों ने कहा हुआ। पीएम ने कहा लेकिन कांग्रेस और कुछ अन्य दलों ने भारत के गौरव के क्षण पर भी कीचड़ उछालने और 60 हजार श्रमिकों के परिश्रम का, देश के परिश्रम का अपमान किया है। 60 हजार मजदूरों के पसीने को लात मारी है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने युवाओं के बैंक खातों में पैसा डाला है। देश का पैसा देश के लोगों के पास जाता है तो विकास दिखता भी है और महसूस भी होता है। ये हम राजस्थान में भी देख रहे हैं। बहुत बड़े रेल नेटवर्क का बिजलीकरण हो चुका है। कुछ समय पहले मुझे वंदे भारत एक्सप्रेस अजमेर–जयपुर–दिल्ली का भी सौभाग्य मिला था। इससे पुष्कर और ख्वाजा के आने वालों को भी लाभ मिला है। दिल्ली मुम्बई फ्रेट कॉरिडोर से भी लाभ मिला है। राजस्थान में टूरिज्म और रोजगार के अवसर बढ़ाने में इससे बड़ी मदद मिली है। बीजेपी 9 सालों में भारत के लोगों ने अपने सामर्थ्य का प्रदर्शन किया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, कम है।पीएम ने कहा– बीजेपी 9 सालों में केंद्र सरकार ने 22 हजार करोड़ से ज्यादा रुपए आदिवासी बच्चों की पढ़ाई के लिए भेजे, कांग्रेस सरकार होती तो 19 हजार करोड़ रुपए बीच में ही लुट जाते।

## कर्नाटक में मंत्रिमंडल विस्तार के चार दिन बाद ही फेरबदल, सिद्दरमैया ने वित्त समेत इन विभागों को अपने पास रखा

**बेंगलुरू, एजेंसी।** कर्नाटक में मंत्रिमंडल विस्तार के चार दिन बाद ही फेरबदल किया गया। ऐसे में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने अपने पास वित्त, मंत्रिमंडल मामले, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार, खुफिया और सूचना समेत उन तमाम विभागों को अपने पास रखा हैं, जिन्हें अभी तक किसी को भी आवंटित नहीं किया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे को ग्रामीण विकास और पंचायती राज के साथ ही आईटी और बीटी मंत्रालयों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि एमबी पाटिल को बड़े एवं सूक्ष्म उद्योग विभाग के साथ ही बुनियादी ढांचे का विकास का भी प्रभार सौंपा गया। सिद्दरमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के 24 विधायकों ने शनिवार को मंत्री पद की शपथ ली थी। बता दें कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सिंचाई विभाग और बेंगलुरू शहर के विकास की जिम्मेदारी दी गई थी। वहीं, एचके पाटिल के पास कानून और संसदीय मामले, विधान, पर्यटन और दिनेश गुंडु राव के पास स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, कृष्णा बायरेगौड़ा के पास राजस्व रहेगा।सिद्दरमैया कैबिनेट में कई नए चेहरों को शामिल किया गया है।

## शवों से दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में लाने के लिए कानून में संशोधन करें

### कर्नाटक हाई कोर्ट ने केन्द्र से कहा

**बेंगलुरु,एजेंसी** । कर्नाटक हाई कोर्ट ने शवों से 'शारीरिक संबंध बनानेइ्को अपराध की श्रेणी में लाने और दंडित करने के वास्ते भारतीय दंड संहिता के संबंधित प्रावधानों में केन्द्र से संशोधन करने को कहा है.

हाई कोर्ट ने ये अनुशंसा एक व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत बरी करते हुए कीं क्योंकि 'दुष्कर्मइ के प्रावधानों में ऐसा कोई उपनियम नहीं है जिसके तहत शव के साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी को दोषी ठहराया जा सके. आरोपी ने एक महिला की हत्या कर दी थी और फिर उसके शव के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे. अदालत ने हालांकि भारतीय दंड संहिता की धारा 302के तहत उसे कठोर उम्रकैद की सजा सुनाई और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया. न्यायमूर्ति बी वीरप्पा और न्यायमूर्ति वेंकटेश नाइक टी की पीठ ने 30 मई के अपने आदेश में कहा कि आरोपी ने शव के साथ शारीरिक संबंध बनाए. क्या यह भारतीय दंड संहिता की धारा 375 अथवा 377 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है? धारा 375 तथा 377 का सावधानीपूर्वक अध्ययन यह स्पष्ट करता है कि पार्थिव शरीर को मानव अथवा व्यक्ति नहीं माना जा सकता. पीठ ने आदेश में कहा, " इसलिए भारतीय दंड संहिता की धारा 375 अथवा धारा 377 के प्रावधान लागू नहीं होंगे.....

हाई कोर्ट ने ब्रिटेन और कनाडा सहित कई देशों का उदाहरण दिया जहां पार्थिव शरीर के साथ शारीरिक संबंध बनाना और शवों के साथ अपराध दंडनीय अपराध हैं और कहा कि ऐसे प्रावधान भारत में भी लाए जाएं. अदालत ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि शवों के खिलाफ अपराध को रोकने के लिए छह महीने के भीतर सभी सरकारी और निजी अस्पतालों के मुर्दाघरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

## मकराना मार्बल से बनेगी राम मंदिर की फर्श

**अयोध्या,एजेंसी।** श्री राम जन्मभूमि पर बने रहे रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण में तेजी आ गई है। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने कहा कि मंदिर निर्माण में सभी कार्यों को प्रारंभ कर दिया गया है और सब में अच्छी प्रगति है। मंदिर के भूतल में फर्श पर लगने वाला मकराना का फ्लोर बनना प्रारंभ होने जा रहा है। इसके साथ ही लगाए गए खंभों में भी कुछ मूर्तियों का निर्माण किया जाना है। वह कार्य भी प्रयोग के तौर पर प्रारंभ कर दिया गया है। वहीं श्रीराम जन्मभूमि में निर्माणाधीन राममंदिर में धार्मिक चित्रांकन किया जाना है। इसके लिए इंजीनियरों ने आइकोनोग्राफी तकनीक अपनाने का सुझाव दिया है। आइकोनोग्राफी (प्रतिमा विज्ञान) तकनीक से पत्थरों पर मूर्तियां उकेरने का ट्रायल भी मूर्तिकारों ने शुरू कर दिया गया है।

# मुख्य सचिव ने की मसूरी मॉल रोड पुनर्निर्माण कार्य एवं स्मार्ट सिटी देहरादून के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में मसूरी मॉल रोड पुनर्निर्माण कार्य एवं स्मार्ट सिटी देहरादून के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने मसूरी मॉल रोड सुधारीकरण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को नाईट शिफ्ट में कार्य किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि पर्यटकों को हो रही परेशानी के देखते हुए लगातार कार्य करते हुए मॉल रोड सुधारीकरण कार्य किया जाए। उन्होंने मसूरी मॉल रोड के सभी कार्यां को शीघ्र पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को मौके पर ही बने रहने के निर्देश दिए। ढिलाई करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने मसूरी पेयजल पम्पिंग योजना को सुचारू कार्य करने में आ रही समस्याओं को दूर करने हेतु महाप्रबन्धक यूपीसीएल और महाप्रबन्धक पेयजल को निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने स्मार्ट सिटी सहित राजधानी की सड़कों की बरसात से पहले दुरूस्त किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने ड्रेनेज सिस्टम और सड़कों की राईडिंग क्वालिटी पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र दुरूस्त किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय एवं जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## 3 जून को रोजगार मेला

रुद्रप्रयाग। सेवायोजन विभाग के सहयोग से 3 जून को मुख्यालय में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमें दिल्ली की स्किल डेस्क प्राइवेट लिमिटेड में 200 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला सेवायोजन अधिकारी कपिल पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रैंतोली में आयोजित होने वाले मेले में दिल्ली की कंपनी स्किल्ज डेस्क प्रा. लिमिटेड द्वारा प्रोडक्शन के 200 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले युवा की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट (पीसीएम के साथ) उत्तीर्ण होनी चाहिए। जबकि उसने दो वर्षीय आईटीआई किया हो। इसके साथ ही अभ्यर्थी की आयु 18 से 28 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एप्रेंटिशिप (शागिर्दी) के लिए चयनित युवाओं का कार्य स्थान नोएडा एवं पंतनगर होगा।

# कांग्रेस ने स्वतंत्रता सेनानी स्व.भाग सिंह मखलोगा को याद किया



नई टिहरी। चंबा ब्लॉक मखलोगी पट्टी चामनी गांव के स्वतंत्रता सेनानी व कांग्रेस नेता की 100वीं जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेसियों ने युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने को कहा। चंबा के बादशाहीथौल में स्वतंत्रता सेनानी स्व.भाग सिंह मखलोगा के स्मारक पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर उन्हें पुष्प अर्पित किये। चंबा के पूर्व प्रमुख सोबन सिंह नेगी कहा कि स्व. भाग सिंह ने अमर शहीद श्रीदेव सुमन के साथ टिहरी राजशाही से जनता को मुक्ति दिलाने के लिए संघर्ष किया था। प्रजामंडल में विधायक रहने के साथ ही वह दो बार चंबा ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख भी रहे हैं,उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। कहा कि आज युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की जरुरत है। कार्यक्रम में चंबा पालिकाध्यक्ष सुमना रमोला, चंबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष साब सिंह सजवाण, सभासद शक्ति प्रसाद, महावीर उनियाल, विक्रम पंवार, श्याम सिंह मखलोगा, हरि सिंह मखलोगा, सुरेंद्र नेगी, उत्तम नेगी, सुरेंद्र जोशी, जगमोहन सिंह, मनमोहन सिंह, जय विजय सिंह, गजेंद्र मखलोगा, अक्षत पवन बिजल्वाण, विजेंद्र नेगी, गिरवीर नेगी, यशपाल नेगी, मंगल सिंह, दीवान सिंह नेगी आदि शामिल थे।

## एक नजर

### जंगली जानवरों के हमले से पीड़ित परिवारों का हाल जानने पहुंचे डीएफओ

विकासनगर। पछुवादून क्षेत्र में जंगली जानवरों लगातार बढ़ रहे आतंक को लेकर अब वन विभाग के आला अधिकारी सक्रिय हुए हैं। बुधवार को अधिकारियों ने प्रभावित गांवों में जाकर ग्रामीणों से बात कर जंगली जानवरों के मूवमेंट की जानकारी ली। पछुवादून में बीते एक माह से जंगली जानवरों की दहशत छाई हुई है। गुलदार के साथ ही यहां हाथियों का झुंड भी बस्ती में धमक रहा है। एक माह पूर्व सहसपुर के महमूद नगर में एक बच्चे को गुलदार ने अपना निवाला बना लिया था, जबकि कुंजा गांव में हाथी ने हमला कर बुजुर्ग महिला को घायल किया था। बावजूद इसके वन विभाग के आला अधिकारी अपने कार्यालयों से बाहर नहीं निकल रहे थे। बुधवार को भूमि संरक्षण विभाग कालसी के डीएफओ ने प्रभावित गांवों में जाकर पीड़ितों से बात की। कुंजा गांव में हाथी के हमले से पीड़ति महिला का हालचाल जानने के साथ ही ग्रामीणों से हाथियों के मूवमेंट की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को जंगलों का रुख नहीं करने की सलाह भी दी। इसके बाद फतेहपुर, आसन पुल के पास गुलदार की आमद के बारे में जानकारी ली। तिमली वन प्रभाग के अधिकारियों को डीएफओ ने जंगली जानवरों के आबादी की ओर रुख करने वाले रास्तों पर गहरी खाई खोदने के निर्देश दिए। इस दौरान वन दरोगा संजीव कुमार दुबे, ममता, सुलेमान, अनिल कुमार, भगत सिंह रावत, श्रीपाल चौहान आदि मौजूद रहे।

### शरीर के लिए घातक है जंक फूड का इस्तेमाल

ऋषिकेश। हरिचंद गुप्ता आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में समर कैंप के दूसरे दिन विभिन्न गतिविधियां हुई। वक्ताओं ने छात्र–छात्राओं को संतुलित भोजन करने, जंक फूड का इस्तेमाल न करने सहित कई जानकारियां दीं। बुधवार को कैंप के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रार्थना सभा से हुआ। इसके बाद प्रधानाचार्य और प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ पूनम शर्मा ने छात्र–छात्राओं को भोजन और पोषक तत्वों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कहा कि जंक फूड का इस्तेमाल हमारे शरीर के लिए कितना घातक है। स्काउट प्रशिक्षक रामकृष्ण पोखरियाल ने बालक–बालिकाओं की भगत सिंह, गौरा देवी, लक्ष्मीबाई, नंदा देवी, मोरनी व गुलाब आदि विभिन्न टोलियां बनाकर उन्हें स्काउट की कई गतिविधियां कराईं। मीनाक्षी दुबे ने हारमोनियम के माध्यम से संगीत के स्वरों की जानकारी दी। शिविर संयोजक अलख नारायण दुबे ने बच्चों को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। इस दौरान हाईस्कूल उत्तराखंड बोर्ड में गणित विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर राइंका तपोवन की सुनैना राणा व सारिका तिवारी को सम्मानित किया गया।

### सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

ऋषिकेश। रानीपोखरी–झीलवाला सड़क क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने जल्द सड़क निर्माण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। बुधवार को रानीपोखरी में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष और पूर्व प्रधान महेंद्र स्वरूप भट्ट ने कहा कि झीलवाला सड़क और नहर दोनों की हालत खस्ता है। सड़क में बड़े–बड़े गड्ढे हो रखे हैं। इससे बारिश का पानी गड्ढों में जमा हो रहा है। क्षेत्रवासियों को परेशानी हो रही है। आए दिन सड़क पर दुर्घटनाएं हो रही हैं।

किसानों के ट्रैक्टर ट्राली भी इस सड़क में फंस जाते हैं। सड़क के किनारे टूटी हुई नहर का पानी सड़क में आ जाता है, इससे सड़क पर आए दिन जल भराव की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने जल्द सड़क निर्माण करने और नहर की मरम्मत करने की मांग की। मौके पर मोहित कपरुवाण, कमल राणा, आनंद राणा, भगत सिंह चौहान, धर्म सिंह रावत, प्रियांशु सेमवाल, सोहन सिंह पंवार आदि उपस्थित रहे।

# अफसर गांवों में रात्रि प्रवास कर सुनेंगे समस्याएं

रुद्रप्रयाग। सरकार के निर्देश पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जनपद के जिम्मेदार अफसरों को ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर जनता की समस्याओं के समाधान करने को कहा गया है। साथ ही अधिक से अधिक लोगों तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अफसरों को जून माह में भ्रमण करने लिए कार्यक्रम निर्धारित किया है। यह अधिकारी गांव में रात्रि प्रवास कर ग्रामीणों के साथ बैठक कर जरूरी कार्रवाई करेंगे।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आवंटित ग्राम पंचायतों में जाकर जनता के साथ बैठकर समस्याएं सुलझाएं। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा निर्मित/निर्माणाधीन पेंशनरों का भी भौतिक स्थलीय सत्यापन करें। कमियां पाए जाने पर उसकी सूचना से उन्हें एवं मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराएंगे।

हर अधिकारी अपने गांव की समस्याओं के निस्तारण के लिए सभी संबंधित विभागों से समन्वय करें तथा निस्तारण के लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे। भ्रमण के दौरान संबंधित ग्राम पंचायत के प्रधान, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, राजस्व उप निरीक्षक, अध्यापक, प्रधानाचार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कर्मचारी एक टीम में होंगे, जो लगातार गांव की गतिविधियों/समस्याओं की मॉनीटरिंग करेंगे।

## चमोली के किसान फूलों की खेती कर बन रहे आत्मनिर्भर

चमोली। सजावट के लिए सर्वाधिक उपयोग होने वाले लीलियम के फूल का उत्पादन चमोली में भी शुरू हो गया है। फूलों की खेती को बढ़ावा देने और कम समय में किसानों की आय बढ़ाने के लिए उद्यान विभाग द्वारा कुछ महीने पहले लीलियम बल्ब रोपित किए गए थे। जिनसे अब उत्पादन शुरू हो गया है। उद्यान विभाग द्वारा किसानों को फूलों की पैकेजिंग सामग्री के साथ ही विपणन के लिए उचित मार्केट की व्यवस्था भी की गई है। फलस्वरूप किसानों द्वारा राज्य और राज्य के बाहर भी फूलों का विपणन किया जा रहा है। जिला मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह ने बताया कि लीलियम बल्ब से 60 से 70 दिन में पुष्प उत्पादन से किसान खासे उत्साहित है। लीलियम पुष्प विपणन से किसानों को अच्छी आय भी होने लगी है। शुरुआत में किसानों द्वारा अब तक करीब तीन हजार स्टिक तैयार कर बेची जा चुकी है। जिले में फूलों की खेती के प्रति किसानों का रुझान भी बढ़ने लगा है।

# मंत्री अग्रवाल ने की सिंचाई विभाग के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक

ऋषिकेश। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र में होने वाले कार्यों के लिए कार्य योजना बनाकर शासन को जल्द भेजने के निर्देश दिए। बुधवार को बैराज कैंप कार्यालय में हुई बैठक में मंत्री ने कहा कि चंद्रभागा नदी से त्रिवेणी घाट की ओर आस्था पथ के दोनों छोर को जोड़ने वाला करीब 1200 मीटर का पथ बनना है।

गौरी शंकर मंदिर के समीप पानी भरने से समस्या पैदा होती है। मंदिर के समीप दोनों अस्थापथ को जोड़ने वाले पुल को बनाया जाना है, इसकी लंबाई 25 मीटर है। कहा कि भट्टोवाला में बंगाला नाला से करीब 1000 मीटर लंबी बाढ़ सुरक्षा दीवार बनाई जानी है। इसी तरह चंद्रभागा से खारा स्रोत की ओर भी पुल बनाया जाना है।



उन्होंने निर्देशित कर कहा कि सिंचाई विभाग शीघ्र ही कार्य योजना तैयार कर शासन को भेजे। मौके पर सिंचाई विभाग के सचिव हरीश चंद्र सेमवाल, हेड ऑफ डिपार्टमेंट जयपाल सिंह, अधीक्षण अभियंता राकेश तिवारी, अधिशासी अभियंता दिनेश उनियाल आदि उपस्थित रहे।

# कालसी में हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

देहरादून। मा० मंत्री, वन एवं तकनीकि शिक्षा, भाषा एवं निर्वाचन तथा प्रभारी मंत्री, जनपद देहरादून सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में आज विकासखण्ड मुख्यालय, कालसी में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जनसुनवाई में 75 के करीब शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। जनसुनवाई में अधिकतर शिकायतें सिंचाई, लोनिवि, शिक्षा, वन, ग्राम्य विकास आदि विभागों से संबंधित प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त पेयजल, पशुपालन विभाग, मत्स्य, नलकूप, पर्यटन, स्थानांतरण, तालाब की सफाई आदि विभागों से संबंधित आवेदन/शिकायतें प्राप्त हुई। माननीय मंत्री ने अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए। साथ ही स्पष्टीकरण की पत्रावली शासन को प्रेषित करने के भी निर्देश दिया। जनसुनवाई में प्राप्त हुई शिकायतों में शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत की गई कि ग्रीष्मकाल में वन गुज्जर अपने मवेशी के साथ बावर प्रवास के लिए वन विभाग से परमिट बनाते है। किंतु कुछ ही लोग शीतकाल में वापस आते हैं, कुछ वहा रहकर सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर रहे है। उन्होंने ऐसे लोगों का नियमित सत्यापन कराने की मांग की। जिस पर मा0 मंत्री ने



कार्यवाही हेतु रेखीय विभाग को निर्देशित किया। शिक्षा विभाग से सम्बन्धित शिकायत में शिकायतकर्ता द्वारा विद्यालय में छात्रों की संख्या के आधार पर निर्धारित अनुपात में शिक्षक की तैनाती की मांग की। जिस पर माननीय मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी को समन्वय करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वही वन प्रभाग चकराता का कार्यालय कालसी स्थानान्तरण की शिकायत पर माननीय मंत्री ने प्रभागीय वनाधिकारी को सप्ताह में दो दिन कार्यालय कालसी से संचालित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार स्वीकृत सड़कों पर त्वरित टैण्डरिंग प्रक्रिया करवाने की शिकायत पर सम्बन्धित विभाग को तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। भूमि सीमांकन किये जाने की शिकायतों पर राजस्व विभाग को संज्ञान लेते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए गए। मा0 मंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में जनमानस द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन/शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों को 15 दिन के भीतर निस्तारित करते हुए संबंधित शिकायतकर्ता को कृत कार्यवाही से अवगत करा दिया जाए।

साथ ही कहा कि जिन शिकायतों में प्रस्ताव किए जाने हो तथा समय लग रहा हो उनकी सूचना से भी संबंधित को अवगत करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक विकास/जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। वन भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतों पर मंत्री जी द्वारा रेखीय विभागों के अधिकारियों को आवश्यक नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# दोनी गांव में हुआ कौथिग मेले का आयोजन

## –गजेंद्र, हेमा और विरेंद्र राजपूत के गीत गूंजे

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक के दोनी गांव में नई सोच समिति के सौजन्य से कौथिग मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के दूर–दराज के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां कालिंका का आशीर्वाद लेते हुए सुख संमृद्धि की कामना की।

वहीं मेल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगायक लोक गायक गजेंद्र राणा, वीरेंद्र राजपूत और हेमा नेगी करासी के गीतों की धूम रही।

दोनी गांव में आयोजित तीन दिवसीय कौथिग मेले का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक शक्तिलाल शाह ने किया। उन्होंने कहा कि नई सोच समिति ने कौथिग मिलन का आयोजन कर सामाजिक सम्मेलन की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिससे लोगों को अपने दूर–दराज में रहने वाले सगे संबंधियों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ है। मेले में पहुंचे लोगों ने मां कालिंका के दर्शन कर क्षेत्र के सुख संमृद्धि की कामना की। वहीं मेले में पहाड़ी रीति रिवाज, खान पान, वेशभूषा ने सबका ध्यान आकर्षित किया। आयोजन समिति की ओर से ढोल दमांऊ व मस्क बीन वादकों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में पहाड़ी संस्कृति व पौराणिक परंपराओं को जीवित रखने के लिए एक सामाजिक संदेश दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक गायक गजेंद्र राणा, वीरेंद्र राजपूत व हेमा नेगी करासी ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख बसुमति घनाता, जिपंस रघुवीर सजवाण,, पूर्व क्षेपंस विजयपाल बिष्ट, रविन्द्र राणा, केदार बर्थवाल, कर्ण सिंह घनाता, बुद्धि सिंह मेहरा, विक्रम घनाता, पंचम बिष्ट, शीशपाल कैंतुरा, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## झमाझम बारिश से मिली गर्मी से राहत

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में बुधवार को झमाझम बारिश से तापमान दो डिग्री सेल्सियस लुढ़क गया। तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। घरों, दुकानों और ऑफिसों में पंखे की हवा ने भी एसी का अहसास कराया। निर्जला एकादशी पर गर्मी का प्रकोप रहता है। यही वजह है कि जगह–जगह छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाया जाता है, ताकि गर्मी से राहत मिले। बुधवार को निर्जला एकादशी पर तीर्थनगरी में मौसम खुशगवार बना रहा। ऋषिकेश में दोपहर 12.45 बजे आसमान में छाए बादल बरस पड़े। झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट आई।

# हिमाचल की किशोरी को भगा कर ले जा रहे दो युवक गिरफ्तार

विकासनगर। हिमाचल प्रदेश से किशोरी को अगवा करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों की गिरफ्तारी तहसील चकराता के कोटी क्षेत्र से की गई। आरोपी युवक समुदाय विशेष के बताए गए हैं जबकि किशोरी अन्य समुदाय की बताई गई है। किशोरी के परिजनों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ अपहरण और पॉक्सो ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में दोनों को जेल भेज दिया। मंगलवार रात एक समुदाय के दो युवकों के साथ एक 16 वर्षीय किशोरी त्यूणी चकराता की ओर आ रही थी। इसी दौरान दोनों युवक सावड़ा में एक होटल में कमरा लेने के लिए रुके। आईडी देखने पर होटल मालिक को शक हुआ। इसके बाद दोनों युवक किशोरी को बाइक पर बैठाकर वहां से निकल गए। होटल स्वामी द्वारा इसकी सूचना कोटी गांव में दी गयी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बाइक सवार दोनों युवकों और किशोरी को रोक लिया। लोगों ने मामले की सूचना राजस्व पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे राजस्व उपनिरीक्षक गुलशन हैदर और चकराता पुलिस ने दोनों युवकों और किशोरी से पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि 16 वर्षीय किशोरी हिमाचल प्रदेश की है, जबकि दोनों युवक समुदाय विशेष से हैं। पूछताछ के बाद युवकों को कालसी ले जाया गया। जहां बुधवार को किशोरी के पिता की तहरीर पर दोनों युवकों शाहरुख पुत्र इदरीस निवासी आलमपुर मिर्जापुर सहारनपुर और शौकीन पुत्र दिलशाद निवासी ढकरानी विकासनगर के विरुद्ध अपहरण और पॉक्सो ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। एसडीएम चकराता वरुणा अग्रवाल ने बताया कि यह दोनों युवक पौंटा साहिब हिमाचल प्रदेश में सैलून चलाते हैं। बताया कि तीनों त्यूणी की तरफ घूमने आए थे। मंगलवार को वापस लौटते समय सावड़ा में एक होटल में कमरा लेने रुके। जिससे मामले का खुलासा हुआ।

# सात महीने बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा जालसाज

ऋषिकेश। एक महिला से 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर युवक फरार हो गया। सात महीने तक पुलिस धरपकड़ के प्रयास करती रही, मगर आरोपी हत्थे नहीं चढ़ पाया। जांच–पड़ताल में पुलिस को पता चला कि आरोपी ने घर में ही एक खास अलमारी बनाई है। दबिश के दौरान आरोपी उसी में छिप जाता है। पुलिस कर्मियों ने अचानक छापार मारकर आरोपी को अलमारी से ही दबोच लिया। डोईवाला पुलिस के मुताबिक जालसाजी, गाली–गलौच और धमकी से जुड़ा यह मामला साल 2022 के अक्टूबर महीने का है। देवेश्वरी देवी पत्नी स्व. जगत सिंह निवासी नवादा, पोस्ट डिफेंस कॉलोनी, नेहरू कॉलोनी, देहरादून ने शिकायत दी थी। इसमें राकेश पुत्र बलबीर सिंह नेगी निवासी माधोवाला, डोईवाला पर जमीन के लिए 25 लाख लेने की बात कही थी। आरोप था कि रकम लेने के बाद राकेश ने रजिस्ट्री नहीं की।

## हिंदू संस्कृति के जीवन मूल्यों के अनुसार जीवन यापन करें: तिवारी

विकासनगर। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के हरबर्टपुर में चल रहे शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के तहत बुधवार को कार्यकर्ताओं को सनातन संस्कृति से रूबरू कराया गया।

इसके साथ ही कार्यकर्ताओं को पुरातन युद्ध कला, दंड चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। बौद्धिक सत्र में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री अशोक तिवारी ने बताया कि भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की जरूरत नहीं है।

# गंगा आरती को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी शुरू

ऋषिकेश। जून में जी–20 के विदेशी मेहमान त्रिवेणी घाट पर गंगा आरती में शिरकत करेंगे। इसके लिए ऋषिकेश में तैयारियां शुरू हो गई है। बुधवार को कार्यक्रम की तैयारियों और क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए मेयर ने अधिकारियों संग बैठक की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बुधवार को नगर निगम सभागार में बैठक में निगम के अधिकारियों, व्यापारियों और विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोगों ने शिरकत की। मेयर अनिता ममगाईं ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय से जी–20 के एक कार्यक्रम को ऋषिकेश में करने की स्वीकृति मिल चुकी है। ऋषिकेश में तकरीबन पौने 200 सदस्यों का दल त्रिवेणी घाट पर गंगा आरती में शिरकत के लिए पहुंचेगा।

इसके लिए मुख्य रूट गौरा देवी चौक से पुराने रेलवे स्टेशन रोड होते हुए त्रिवेणी घाट का रहेगा। जबकि प्लान बी में देहरादून रोड से होते हुए त्रिवेणी घाट और तीसरा रूट केवलानंद चौक से त्रिवेणी घाट रहेगा। इन सभी रूटों का कायाकल्प किया जायेगा। ऋषिकेश में जी 20 के कार्यक्रम की सफलता के लिए ऋषिकेश को दुल्हन की तरह सजाया जायेगा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों से सौंदर्यीकरण को लेकर सुझाव लिए गए। सभी ने जी 20 के कार्यक्रम को ऋषिकेश में करवाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। एमडीडीए, यूपीसीएल, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल संस्थान, विद्युत विभाग, पुलिस प्रशासन, नेशनल हाईवे सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने प्रंदह दिन के भीतर आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लिए जाने एवं अपनी कार्ययोजना की जनकारी दी।

बैठक में एसडीएम सौरभ असवाल, सहायक नगर आयुक्त रमेश रावत, कोतवाली निरीक्षक केआर पांडेय, आरपीएस के प्रधानाचार्य एसएस भंडारी, हर्षवर्धन शर्मा, विनोद शर्मा, गोविंद अग्रवाल, बृजेश शर्मा, दीपक धमीजा, विनय उनियाल, पवन शर्मा, संजय व्यास, राहुल शर्मा, विपिन पंत, विजय बड़ोनी, अनीता रैना, विनय उनियाल, ज्योति सजवान, पंकज शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, श्रवण जैन, कपिल गुप्ता, सुनील थपलियाल, भगवती प्रसाद रतूडी, जंयत किशोर शर्मा, मुकेश अग्रवाल, ज्योति सहगल आदि उपस्थित रहे।

## समिति ने व्यवस्थाओं में सुधार की उठाई मांग

**कोटद्वार** : सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की अनदेखी पर उत्तराखंड विकास समिति ने रोष व्यक्त किया है। समिति ने जनप्रतिनिधि व अधिकारियों से व्यवस्था में सुधार की मांग की है। समिति के सचिव विपुल उनियाल ने बताया कि नगर निगम गठन के बाद जनता को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम शहर में सफाई व्यवस्था को भी नहीं सुधार पा रहा है। हालत यह है कि शहर के विभिन्न वार्डों में पूरे दिन सड़कों के किनारे गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। झंडीचौड़, सिगड्डी सहित अन्य स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। लेकिन, नगर निगम इनकी मरम्मत की सुध नहीं ले रहा। स्थानीय विधायक भी जनता की समस्या को लेकर लापरवाह बनी हुई है। विकास के नाम पर केवल जनता को गुमराह करने का कार्य किया जा रहा है। कहा कि अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को जन समस्याओं को लेकर गंभीरता से कार्य करना होगा। इस मौके पर एससी परिंदयाल, राम सिंह कठैत, पूरण सिंह, दुर्गा प्रसाद दुबे, प्रेम राणा, मनोज रावत आदि मौजूद रहे।

# कौड़िया से नगर निगम तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनेगा फुटपाथ

## विस्तृत प्राक्कलन योजना तैयार करने में जुटा नगर निगम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : दो वर्ष पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाए गए अवैध अतिक्रमण की आखिर नगर निगम ने सुध ले ही ली है। नगर निगम अतिक्रमण हटाने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खाली हुई जगह का उपयोग फुटपाथ के रूप में करेगा। कौड़िया से नगर निगम परिसर के मध्य बनने वाले फुटपाथ की विस्तृत प्राक्कलन योजना तैयार की जा रही है।

> शहर में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कौड़िया से नगर निगम के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर फुटपाथ बनाने के लिए विस्तृत प्राक्कलन योजना तैयार की जा रही है। जल्द ही योजना को धरातल पर उतारा जाएगा।
>
> **..वैभव गुप्ता, नगर आयुक्त, कोटद्वार**

### तो सुधरेगी व्यवस्था

राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर फुटपाथ तैयार होने के बाद शहर में यातायात व्यवस्था में काफी सुधार होगा। वर्तमान में फुटपाथ न होने के कारण लोगों को राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में कई बार दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण जाम की स्थिति भी बनी रहती है।

योजना के धरातल पर उतरने से जहां यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। वहीं, शहर वासियों को पैदल चलने के लिए एक सुरक्षित व बेहतर स्थान मिल पाएगा।

नैनीताल हाईकोर्ट के आदेश पर नगर निगम ने राष्ट्रीय राजमार्ग से अपनी नजूल भूमि पर बने पचास से अधिक अवैध अतिक्रमणों को ध्वस्त किया था। लंबे समय से राष्ट्रीय राजमार्ग पर खाली पड़े उक्त स्थान का किसी भी रूप में प्रयोग नहीं किया जा रहा था।



कोटद्वार बाजार में राष्ट्रीय राजमार्ग का वह हिस्सा जहां फुटपाथ बनाने की योजना तैयार की जा रही है।

ऐसे में शहरवासी भी लगातार उक्त खाली स्थानों को पार्किंग या फुटपाथ के रूप में तब्दील करने की मांग उठा रहे थे। जनता का कहना था कि नगर निगम ने हाईकोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण तो हटा दिया। लेकिन, इसका आमजन को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। दो वर्ष बाद आखिर नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने के बाद खाली हुई जगह का उपयोग करने की सुध ले ली है।

योजना के तहत कौड़िया से नगर निगम परिसर के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर फुटपाथ तैयार किए जाएंगे। राजमार्ग के दोनों ओर नालियों के ऊपर स्लैब रखकर वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी।

## ग्रामीण व विद्यार्थियों को बताए आपदा से बचाव के तरीके

**कोटद्वार** : दमकल विभाग की ओर से यमकेश्वर के किमसार से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को आपदा से बचाव के तरीके बताए गए। इस दौरान दमकल ने जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी अपील की। कहा कि आपदाओं से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है।



यमकेश्वर के किमसार विद्यालय में आपदा से बचाव के तरीके बताते दमकल कर्मी व अधिकारी

कुकरेती भ्रातृ मंडल व दमकल विभाग की ओर से जनता इंटर कालेज किमसार में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

> **दमकल विभाग की ओर से यमकेश्वर के किमसार में आयोजित की गई कार्यशाला**

कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। अग्निशमन अधिकारी सुरेश चंद्र ने कहा कि आपदा अकस्मात आने वाली घटना है। इसे रोका तो नहीं जा सकता है लेकिन उचित प्रबंधन से आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सकता है। कार्यशाला में भूकंप, अग्नि, वनाग्नि सहित अन्य आपदाओं से बचाव के तरीके बताए गए। साथ ही जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील भी की गई। इस मौके पर कुकरेती भ्रातृ मंडल के अध्यक्ष सुन्दर श्याम कुकरेती, उपाध्यक्ष वीपी कुकरेती, महासचिव राजेश कुकरेती आदि मौजूद रहे।

## तंबाकू से दूर रहकर स्वस्थ जीवन को अपनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तंबाकू दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने तंबाकू सहित अन्य मादक पदार्थों से दूर रहकर बेहतर स्वास्थ्य बनाने का संकल्प लिया।

बुधवार को महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। कहा कि तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। हमें इससे दूर रहकर अपने बेहतर स्वस्थ पर ध्यान देना होगा। डा. मुरलीधर कुशवाह ने कहा कि तंबाकू से शरीर में ग्लूकोज, रक्त आदि पदार्थ कम हो जाते हैं। जिससे धीरे-धीरे व्यक्ति की मौत हो जाती है। एंटी ड्रग क्लब के नोडल अधिकारी डा. जुनीश कुमार ने कहा कि आमजन को तंबाकू से दूर रखने के लिए प्रतिवर्ष तंबाकू दिवस मनाया जाता है। विद्यार्थियों को अपने आसपास रहने वाले अन्य लोगों को भी तंबाकू के दुष्परिणाम बताने चाहिए। इस मौके पर डा. किशोर चौहान, डा. संतोष कुमार गुप्ता, डा. नीता भट्ट, डा. ऋचा जैन, डा. सीमा कुमारी, डा. स्मिता तिवारी, डा. धनेंद्र कुमार पंवार, सीमा चौधरी, आदेश कुमार, प्रवीन जोशी, शोभा रावत, वंदना चौहान, सुरेखा घिल्डियाल, प्रियंका अग्रवाल, विनोद सिंह, सुषमा थलेडी, सुरभि मिश्रा, रोशनी असवाल, सूर्य मोहन, मीनाक्षी वर्मा, कपिल थपलियाल, डा. पूनम गैरोला, डा. सोमेश ढौंडियाल आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार महाविद्यालय में तंबाकू से दूर रहने का संकल्प लेते विद्यार्थी व शिक्षक

## स्मैक तस्कर को दस वर्ष की सजा, एक लाख का जुर्माना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : एक स्मैक तस्कर को न्यायालय ने दस वर्ष की सजा व एक लाख रुपये आर्थिक दंड की सजा सुनाई है।

वर्ष 2020 में उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने कौड़िया चौक पोस्ट से गाड़ीघाट झूलापुल निवासी मोहित कुमार को 6.90 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने गवाहों के बयान, घटनास्थल का निरीक्षण कर नक्शा नजरी तैयार करते हुये बरामद माल को परीक्षण हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला देहरादून भेजा गया। विवेचना में सम्पूर्ण कार्यवाही एवं ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर विवेचक द्वारा अभियुक्त मोहित कुमार के विरुद्ध 2021 को न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। विशेष सत्र न्यायालय की कार्यवाही में अभियोजन पक्ष की ओर से 07 गवाह पेश किये गये। विशेष सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अभियुक्त मोहित कुमार को ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा–8/21 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत दोषसिद्ध करते हुये 10 (दस) वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवं एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मोहित को जुर्माना अदा न करने पर एक साल के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# निर्जला एकादशी पर राहगिरों को पिलाया शरबत

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार :** निर्जला एकादशी पर विभिन्न संगठनों की ओर से राहगिरों को शरबत पिलाया गया। इस दौरान सदस्यों ने समाज हित में एकजुट होकर कार्य करने का भी संकल्प लिया।

श्री श्याम मित्र मंडल समिति सहित अन्य संगठनों ने निर्जला एकादशी पर राहगिरों को शरबत पिलाया। श्री श्याम मित्र मंडल समिति के सदस्यों ने गाड़ीघाट स्थित गौशाला में पहुंचकर गाय को हरा चारा भी खिलाया। इसके उपरांत सदस्यों ने राजकीय इंटर कालेज के बाहर राहगीरों को शरबत पिलाया। इसके साथ ही विभिन्न संगठनों की ओर से नजीबाबाद रोड, झंडाचौक व बदरीनाथ मार्ग में भी राहगीरों व वाहन चालकों को शरबत पिलाई गई। शरबत पिलाने के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति न बने इसके लिए पुलिस टीमें भी तैनात रही। सदस्यों ने बताया कि निर्जला एकादशी के दिन लोगों को शरबत पिलाना पुण्य का कार्य है। इस दौरान आमजन से अपने धर्म की रक्षा के लिए आगे आने की भी अपील की गई।



कोटद्वार में राहगिरों को शरबत पिलाते लोग

## भाई की हत्या में दोषी को आजीवन कारावास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : अपर सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत ने हत्या के आरोपी अनूप सिंह नेगी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि कोर्ट ने दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना जमा नहीं करने की दशा में अभियुक्त को एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

घटनाक्रम के अनुसार 26 फरवरी 2021 को मृतक की पुत्री हिमानी ने अज्ञात व्यक्ति पर उनके पिता वीरेंद्र सिंह की हत्या का आरोप लगाते हुए धुमाकोट थाने में तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पुत्री ने पुलिस को बताया कि किसी ने फोन पर सूचना दी थी कि उनके पिता की मृत्यु हो गई है। जिस पर वे गांव भरतपुर पहुंची तो देखा कि उनके पिता का शव पड़ा हुआ था और उस पर चोट के गहरे निशान थे। हिमानी ने पुलिस को जानकारी दी कि उसके पिता फोन पर अक्सर बताते थे कि उसके चाचा अनूप आये दिन झगड़ा करते हैं। छानबीन के बाद पुलिस ने हिमानी के चाचा अनूप सिंह नेगी को शक के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी अनूप ने पुलिस को बताया कि दोनों में अक्सर शराब पीकर विवाद होता था और घटना से पूर्व भी आपस में झगड़ा हुआ था। इसके बाद उसने अपने भाई वीरेन्द्र के सिर पर ईंट से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## रात्रि चौपाल में डीएम और विधायक ने सुनी समस्याएं

**पौड़ी** : जिला प्रशासन के तत्वावधान में यमकेश्वर ब्लाक में जिलाधिकारी और स्थानीय विधायक ने रात्रि चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों ने मैदानी क्षेत्रों के बजाय पहाड़ों में विकास किए जाने पर जोर दिया। इस मौके पर अमोला के ग्रामीणों ने गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं गांव में ही मुहैया कराए जाने की मांग की।

यमकेश्वर ब्लाक के अमोला गांव में बीते मंगलवार को आयोजित रात्रि चौपाल की संयुक्त अध्यक्षता डीएम डा. आशीष चौहान और विधायक रेनू बिष्ट ने की। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क आदि मुख्य समस्याएं अफसरों के समक्ष रखीं। जिसमें पर जिलाधिकारी पौड़ी डा. आशीष चौहान ने अफसरों को लोगों की समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये। डीएम ने सख्त हिदायत दी कि लोगों की छोटी से छोटी समस्याओं के लिए उन्हें दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

# युवा पीढ़ी योग और आध्यात्म को अपनाएं और नशे के सेवन से दूर रहे

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** तम्बाकू निषेध दिवस पर बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पौड़ी में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अकरम अली की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्रह्मकुमारी संस्थान पौड़ी से आयी बहन बीना ने कहा कि नशा और तम्बाकू निषेध पर चलाये जा रहे जागरुकता कार्यक्रमों के दौरान विद्यालयों में भ्रमण से यह बात सामने आ रही है कि आज देश में युवा वर्ग सबसे अधिक तम्बाकू सेवन और नशे की ओर बढ़ रहा है, इसलिए आवश्यक है कि युवा पीढ़ी योग और आध्यात्म की ओर चल कर इन चीजों के सेवन से दूर रहे।




प्रतियोगिता की विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि।

कार्यक्रम में एएनएमटीसी खिर्सू, शतचंडी नेत्र प्रशिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा तम्बाकू नियंत्रण के सम्बन्ध में भाषण एवं कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई। बीआर न्यू मॉडर्न पब्लिक स्कुल के बच्चों द्वारा नशे को लेकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर सौम्या, दामिनी, पीयूष, सुधांशु को नाटक, सना को भाषण और मोनिका को चित्रकला के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सम्बन्ध में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम से जिला सलाहकार स्वेता गुंसाई ने इस वर्ष की थीम ''हमें भोजन की आवश्यकता, तम्बाकू की नहीं'' के सम्बन्ध में जानकारी दी।

कार्यकम की अध्यक्षता कर रहे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अकरम अली ने बताया कि व्यक्ति को ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जिससे उसके आस-पास रह रहे लोगों को किसी भी तरह की कोई परेशानी हो धुम्रपान उपयोग भी इसमें एक है। धुम्रपान से व्यक्ति स्वंय तो रोग का शिकार होता है उसके साथ ही उसके आस-पास के लोग भी इससे प्रभावित होते हैं।

उन्होंने कहा कि तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने और और इसे छोड़ने की पहल प्रत्येक व्यक्ति को स्वंय से करनी चाहिए। जिला विधिक सेवा से प्राधिकरण की ओर से इस सम्बन्ध में समय-समय पर विभिन्न स्थानो में जागरुकता कार्यक्रम संचालित किये जाते रहते हैं। डॉ. शशांक उनियाल ने कहा कि तम्बाकू सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, जिससे हमारे शरीर में विभिन्न प्रकार की घातक बीमारियां हो सकती हैं, इसे छोड़ने के लिए बस एक मजबूत फैसले की जरूरत है। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति तम्बाकू की लत से ग्रसित है और इसे छोड़ना चाहता है तो विभाग द्वारा संचालित जिला प्रकोष्ठ में काउंसलर की सहायता से सम्बन्धित व्यक्ति की काउंसलिंग की जाती है, साथ ही निकोटेक्स की दवाई सम्बन्धित व्यक्ति को मुफ्त उपलब्ध करायी जाती है। इस अवसर पर डॉ. स्वेता नवानी, जिला आशा समन्वयक दिनेश शाह, आशा कार्यकत्रियों के साथ ही अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## झाड़ियों में लगी आग, हादसा टला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शिब्बूनगर स्थित एक अपार्टमेंट के समीप पेड़ के आसपास झाड़ियों में आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया।

घटना दोपहर की है। अपार्टमेंट में रह रहे लोगों को पेड़ के समीप झाड़ियों से आग की लपटे निकलती हुई दिखाई दी। जिसकी सूचना लोगों ने दमकल विभाग को दी। दमकल कर्मियों ने बताया कि धीरे-धीरे आग विकाराल होने लगी थी। आग आसपास के क्षेत्र में फैलती उससे पहले ही उस पर काबू पा लिया गया। इस दौरान आमजन को आग की घटनाओं के प्रति भी जागरूक किया गया।



कोटद्वार में झांडियों में लगी आग पर काबू पाते दमकल कर्मी।

## तंबाकू दिवस पर निकाली रैली



सतपुली में तंबाकू से दूर रहने की शपथ लेते विद्यार्थी

**कोटद्वार** : राजकीय महाविद्यालय सतपुली के विद्यार्थियों को विश्व तंबाकू दिवस पर जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान विद्यार्थियों ने लोगों से तंबाकू से दूर रहने की अपील की। नगर पंचायत सतपुली में रैली निकाली गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. राकेश इस्टवाल व एंटी ड्रग सेल की नोडल अधिकारी डॉ. दीप्ती माहेश्वरी ने छात्र-छात्राओं और समस्त महाविद्यालय परिवार को तम्बाकू का उपयोग न करने की शपथ दिलवाई। कहा कि तंबाकू सेहत के लिए खतरनाक है। समाज को इससे दूर रहकर बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए।

## धूमधाम से मनाया ग्रीष्मकालीन शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** हैप्पी होम स्कूल का ग्रीष्मकालीन शिविर धूमधाम के साथ मनाया गया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय की निर्देशिका ऊषा सिंह व प्रधानाचार्य शालिनी सिंह ने किया। शिविर में विद्यार्थियों के मनोरंजन के साथ-साथ उनके शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक शिक्षा से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के लिए बलून फाइटिंग, एरोबिक्स, क्रफ्ट वर्क सहित अन्य प्रतियोगिताएं हुई। विद्यार्थियों को राजाजी टाइगर रिजर्व, चीला रेंज का शैक्षिक भ्रमण भी करवाया गया।



समर कैंप में भाग लेते विद्यार्थी

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर अभाविप बागेश्वर ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

बागेश्वर। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बागेश्वर इकाई द्वारा जिला रक्तकोष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने युवाओं में बढ़ रही नशे और मादक पदाथी के सेवन की प्रवृत्ति के हानिकारक परिणामों से अवगत कराने तथा जागरूक करने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयाम स्टूडेंट्स फ़ॉर सेवा सेवार्थ विद्यार्थी के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। अभाविप के जिला संयोजक सौरभ जोशी ने बताया कि अधिकांश युवा आज नशे की गिरफ्त में आकर स्वयं एवं समाज को दूषित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र हितों एवं समाज हितों में निरंतर कार्य कर रहा विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। जब जब भी समाज में विद्यार्थी परिषद के योगदान की, युवाओं की



योगदान की आवश्यकता पड़ती है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रथम पंक्ति में खड़ा होकर समाज की सेवा करता है। इससे पूर्व भी एबीवीपी कई मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध करा चुका है। बुधवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 15 लोगों ने रक्तदान किया और सभी युवाओं ने संकल्प लिया कि वह समाज हित में राष्ट्रहित में निरंतर अपना सहयोग देते रहेंगे।

## स्थानीय लोगों को रोजगार दें पट्टाधारक

बागेश्वर। कुमालदेव, भैरुचौबट्टा में जनसुनवाई हुई। सोप स्टोन खनन परियोजना की स्वीकृति के लिए ग्रामीणों की आपत्तियां और समस्याएं सुनी गई। जिलाधिकारी ने आवेदक को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। बुधवार को आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने लोगों से वार्ता की। उनकी आपत्तियां सुनी और सुझाव लिए। कहा कि आवेदक ग्रामीणों की सहमति और समन्वय पर काम करेंगे। नियम शर्तों के तहत खनन होगा। प्रस्तावक ने बताया कि खनन पट्टे में 40 प्रतिशत भूमि धारकों और 60 प्रतिशत उनका है। जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों को रोजगार देने के निर्देश दिए। प्रधान नवीन धौनी ने विद्यालयों की मरम्मत करने और शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की।

# विधायक पांडे ने पीएमएवाई के लाभार्थियों को बांटे प्रशस्ति पत्र

रुद्रपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीसरी किस्त का इंतजार कर रहे लाभार्थियों के अच्छी खबर निकल कर आई है। विधायक अरविंद पांडे ने तीसरी किस्त जारी करने के लिए 90 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र बांटे। जानकारी के अनसुार, विगत दो–तीन साल से किस्त अटकी हुई थी। किस्त के लिए लोग नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। बुधवार को वार्ड 4 नई बस्ती राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पांडे व नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता दुबे ने 90 लाभार्थियों को 60 हजार रुपये की तीसरी किस्त के प्रशस्ति पत्र दिए। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया पीएमएवाई के



तहत गूलरभोज नगर के लिए 60 लाख 30 हजार खाते में आए हैं। जल्द ही यह पैसा लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। यहां तरुण दुबे, संजीव भटेजा, सतीश चुघ, रमेश सागर, नंदन सिंह कोश्यारी, भूपेंद्र आर्य, गोविंद राजभर रहे।

# गुमशुदा नाबालिग को ढूंढ़कर परिजनों के सुपुर्द किया



अल्मोड़ा। बीते मंगलवार की रात्रि में अल्मोड़ा निवासी एक व्यक्ति द्वारा कोतवाली अल्मोड़ा में सूचना दी कि उनका 14 वर्षीय भतीजा जो कुछ चंचल प्रवृति का है, किसी बात पर डांटने पर नाराज होकर घर से 1500 रुपये लेकर कहीं चला गया। जिसकी उन्होंने काफी ढूढ़ खोज कर ली है लेकिन उसका कही कुछ पता नहीं चल पा रहा है। मामला नाबालिग बालक के गुमशुदगी का होने पर कोतवाली अल्मोड़ा में तत्काल एफआईआर पंजीकृत की गई तथा परिजनों की परेशानी व मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा संजय पाठक द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए समस्त चौकी प्रभारियों को अपने–अपने क्षेत्र में बालक की तलाश हेतु निर्देशित करते हुए स्वयं भी थाने के पुलिस बल को साथ लेकर बालक की तलाश हेतु नगर क्षेत्र में रवाना हुए। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा संजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बालक की सभी संभावित स्थानों, टैक्सी/बस स्टेंड, रैन बसेरा/धर्मशालाओं व पार्क आदि में तलाश करते हुए, वाहनों की सघन चेकिंग कर वाहन चालकों व लोगों से पूछताछ की गयी तथा नगर के सभी सीसीटीवी कैमरों का गहनता से अवलोकन किया गया।

## ठगी के आरोपी को राजस्थान से दबोचा

पिथौरागढ़। पुलिस ने फोन पर रिश्तेदार बताकर सीमांत के एक व्यक्ति के साथ ठगी करने वाले आरोपी को राजस्थान से हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक बीते 19दिसंबर को भाटकोट निवासी आलोक कुमार दास ने कोतवाली में तहरीर दी की। उनका कहना था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें फोन किया और स्वयं को उनका रिश्तेदार बताकर 20हजार रुपये ठग लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ भादवि की धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मुबारिक खान निवासी भरतपुर राजस्थान का नाम सामने आया। विवेचक एसआई सुरेश कम्बोज के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को भरतपुर से गिरफ्तार कर पीड़ित को धनराशि वापस दिलाई है।

# युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष परिहार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया सीएमएस का घेराव

बागेश्वर–आज गोकुल सिंह परिहार जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस बागेश्वर के नेतृत्व में सी एम एस जिला अस्पताल बागेश्वर का घेराव किया और सी एम एस को ज्ञापन दिया गया।घेराव कार्यक्रम का संचालन कवि जोशी पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस बागेश्वर द्वारा किया जायेगा।इस अवसर पर कवि जोशी ने कहा कि जिला अस्पताल बागेश्वर को विश्व बैंक द्वारा हाईटेक बनाया जाना है।जिस कारण ओ.टी ब्यवस्था भी ठप हो जायेगी। जिला अस्पताल में ओ टी बंद होने से दुरस्थ क्षेत्रो से आ रहे मरीजों को अनेकों दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।जिला अस्पताल में मरम्मत कार्य को करवाने से पहले ओ.टी की वैकल्पिक ब्यवस्था की जाये ताकि किसी भी मरीज को किसी प्रकार की भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े



।उन्होंने कहा कि ओ टी हाइटेक होंने से पहले ओ टी की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने पर उन्हें सी एम एस ऑफिस के आगे बैठ कर आमरण अनशन करने के लिए बाध्य होगा।गोकुल परिहार जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस बागेश्वर ने कहा कि बागेश्वर जिला अस्पताल में ओ टी बन्द होने पर हर उस ब्यक्ति को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा जो कि अपने स्वास्थ्य की चिंता करते हुए दुरस्थ क्षेत्रों से जिला अस्पताल मे आते हैं।

# युवाओं से की तम्बाकू से दूर रहने की अपील

अल्मोड़ा। तंबाकू निषेध दिवस पर आज उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवम पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने रैलापाली क्षेत्र का भ्रमण कर युवाओं से तम्बाकू से दूर रहने की अपील की। भ्रमण कार्यक्रम में दर्जनों युवाओं, महिलाओं ने प्रतिभाग किया, साथ ही श्री कर्नाटक अपने साथियों के इस अवसर पर एन.बी.यू. पब्लिक स्कूल भी पहुंचे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि तम्बाकू का उपयोग एक वैश्विक चुनौती है जो हर साल लाखों लोगों को प्रभावित करता है। फेफड़े के कैंसर और हृदय रोग से लेकर सांस की बीमारी और जीवन की समग्र गुणवत्ता में कमी, धूम्रपान का नकारात्मक प्रभाव निर्विवाद है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस



व्यक्तियों, समुदायों और संगठनों को एक साथ आने और इस गंभीर मुद्दे को सीधे संबोधित करने का अवसर प्रदान करता है। शिक्षा, वकालत और समर्थन के माध्यम से, हम एक बदलाव ला सकते हैं और एक स्वस्थ, धूम्रपान–मुक्त दुनिया की दिशा में काम कर सकते हैं।

## सरकारी स्कूलों के बोर्ड परीक्षा के प्रतिभावान छात्र सम्मानित

पिथौरागढ़। नगर के एसएसएसडीएसडी जीजीआईसी में सम्मान समारोह में बुधवार को बोर्ड परीक्षा के टापर छात्रों को सम्मानित किया गया। गाइडेंसे व कॅरियर काउंसलिंग सम्मान समारोह का शुभारंभ डाइट प्राचार्य हरक राम कोहली ने किया। यहां उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले 7 छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जीआईसी के 10 व जीजीआईसी के 32 स्कूल के टापर छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

# होटलों व स्पा सेंटरों में चलाया औचक चेकिंग अभियान



अल्मोड़ा। रामचन्द्र राजगुरु एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा जनपद के समस्त सीओ/थानाध्यक्षों/एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल को ऑंपरेशन इवनिंग स्ट्रार्म के तहत होटल, पार्लर, स्पा सेंटरों आदि में चेकिंग अभियान चलाने व अनियमितता पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। सीओ ऑपरेशन ओशिन जोशी के पर्यवेक्षण में मंगलवार 30 मई को प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक कोतवाली अल्मोड़ा के नेतृत्व में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल व कोतवाली अल्मोड़ा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ऑंपरेशन इवनिंग स्टॉर्म के तहत नगर के होटलों व स्पा सेंटरों का औचक चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान होटल व स्पा सेंटरों में कार्यरत स्टाफ का भौतिक सत्यापन किया गया तथा प्रबन्धकों को कर्मचारियों के सत्यापन के सम्बन्ध में जागरुक किया गया और अतिथि रजिस्टर में आने–जाने वाले लोगों का पूर्ण विवरण अंकित करने व होटल, स्पा सेंटरों में नये कर्मचारी रखने से पूर्व उनका पुलिस सत्यापन करवाने की उचित हिदायत दी गई।

# पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक के कैंप कार्यालय में शुक्रवार को होगी काफल पार्टी

अल्मोड़ा। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक के कैंप कार्यालय में आगामी शुक्रवार को काफल पार्टी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर श्री कर्नाटक ने बताया कि काफल हमारी पहाड़ी संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है। अपनी पहाड़ी उत्पादों,पहाड़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजनों को आयोजित किया जाना बेहद आवश्यक है। श्री कर्नाटक ने कहा कि पूर्व में भी वे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के साथ मिलकर पहाड़ी उत्पादों को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम जिनमें काफल पार्टी, आम पार्टी, ककड़ी पार्टी, आड़ू पार्टी आदि शामिल है, देश के विभिन्न स्थानों में कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं कार्यक्रमों का परिणाम है कि आज मडुवे और झिंगूरे की पूरे विश्व में मांग है। उन्होंने कहा कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है कि हम अपनी संस्कृति और पहाड़ी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए धरातल पर उतर कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस तरीके के कार्यक्रमों से जहां हमारी पहाड़ी



संस्कृति की झलक दूर दूर तक जाएगी, वही इन उत्पादों का व्यापक प्रचार–प्रसार होने से हमारे काश्तकारों को भी इसका लाभ मिलेगा जो आज पहाड़ की एक बहुत बड़ी समस्या पलायन रोकने में भी अपना अहम योगदान देगा। श्री कर्नाटक ने कहा कि आगामी दो जून शुक्रवार को उनके द्वारा अपने कैंप कार्यालय में इसी उद्देश्य के साथ काफल पार्टी का आयोजन किया गया है जिसमें उन्होंने सभी से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

## माल रोड के पेट्रोल पंप पर सात दिन तक नहीं भरा जाएगा डीजल व पेट्रोल

बागेश्वर। माल रोड पर स्थापित पेट्रोल पंप में दो जून से आठ जून तक डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति नहीं होगी। सात दिन तक पंप में नवीनीकरण व आधुनिकरण का कार्य होगा। कई विभाग के वाहनों आदि में यहां से तेल भरा जाता है। उन्हें सात दिन तक अन्यत्र व्यवस्था के निर्देश दे दिए हैं। अन्य चालकों को भी अन्य पंपों से ही पेट्रो पदार्थ की व्यवस्था करनी होगी। नगर में आठ से अधिक पेट्रोल पंप हैं। दो जून से आठ जून तक स्टेशन रोड स्थित जय अम्बे ऑयल फीलिंग स्टेशन (पेट्रोल पम्प) का नवीनीकरण और आधुनिकीकरण का कार्य होना है। इस कारण इस फीलिंग स्टेशन से डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी।



# अधिवर्षता सेवा पूरी करने पर पुलिस कर्मियों को दी विदाई

रुद्रपुर। यूएसनगर में अधिवर्षता सेवा पूरी करने पर पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन मे विदाई दी गई। बुधवार को एसएसपी के निर्देशानुसार पुलिस लाइन रुद्रपुर में अपर उप निरीक्षक देवेन्द्र प्रसाद, अपर उप निरीक्षक कृपाल सिंह नेगी, मकानि नीलम कांता, ओपी जवाहर सिंह की अधिवर्षता सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पर पुलिस अधीक्षक अपराध चंद्रशेखर घोड़के ने सेवानिवृत हुए पुलिस कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र, उपहार और शॉल ओढ़ाकर भावभीनी विदाई दी।

# पीडब्लूडी विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाकर देघाट बाजार में हटाया अतिक्रमण



अल्मोड़ा। रामचन्द्र राजगुरु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा द्वारा जनपद में स्थाई/अस्थाई अतिक्रमण को हटाने हेतु समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये हैं। इस क्रम में पूर्व में थाना देघाट पुलिस द्वारा राजस्व विभाग के साथ संयुक्त रुप से अभियान चलाकर मुख्य बाजार देघाट, भरसोली व सुरमौली बाजार में अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया था तथा कुछ लोगों द्वारा सड़क मार्ग पर स्थाई अतिक्रमण करने पर सम्बन्धित को अतिक्रमण हटाने हेतु नोटिस दिये गये थे।मंगलवार को पुनः थाना देघाट पुलिस द्वारा राजस्व विभाग व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ अतिक्रमण के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पूर्व में नोटिस देने के उपरांत भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर सम्बन्धित व्यक्तियों द्वारा किए गए स्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान स्थानीय व्यापारियों को सड़क मार्ग को अतिक्रमण मुक्त रखने की सख्त हिदायत दी गई। उक्त कार्यवाही के दौरान थानाध्यक्ष देघाट राहुल राठी के साथ थाना देघाट का पुलिस बल व राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क किनारे हुड़दंग करने पर 7 हुड़दंगियों पर चालानी कार्यवाही

अल्मोड़ा। जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र राजगुरु के निर्देशन में अल्मोड़ा पुलिस द्वारा ऑपरेशन मर्यादा के तहत सार्वजनिक स्थान/पर्यटक स्थलों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। बुधवार 31 मई को लमगड़ा थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में लमगड़ा पुलिस द्वारा ऑपरेशन मर्यादा के तहत सड़क किनारे हुडदंग कर न्यूसेंस फैलाने और गंदगी करने पर 07 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गई तथा वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 08 वाहन चालकों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गई।

# उपवा के अन्तर्गत एसएसपी नैनीताल एवं उपवा जिलाध्यक्ष ने चलाई कैरियर काउंसलिंग की पाठशाला

हल्द्वानी। उपवा अध्यक्ष उत्तराखंड डॉ॰ अलकनंदा अशोक की प्रेरणा से जनपद नैनीताल उपवा के अन्तर्गत पंकज भट्ट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल एवं उपवा जिलाध्यक्ष श्रीमती हेमा बिष्ट द्वारा पुलिस की कल्याणकारी योजनाओं के तहत पुलिस कार्मिकों के बच्चों के शैक्षणिक विकास एवं कैरियर काउंसलिंग के परिप्रेक्ष्य में पुलिस परिवार के सभी बच्चों को सुनहरे भविष्य हेतु प्रभावी मार्गदर्शन देने तथा उनके पढ़ाई/लिखाई व कैरियर के संबंध में उचित दिशा निर्धारण हेतु कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम के साथ–साथ मेघावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कैरियर काउंसलिंग का अन्य बच्चे व परिजन भी लाभ लें सके इसके लिए नैनीताल पुलिस के अधिकारिक फेसबुक पेज से लाइव प्रोग्राम भी चलाया गया।

कैरियर काउंसलिंग हेतु बच्चों के मार्गदर्शन हेतु आमंत्रित यूपीएससी परीक्षा में अच्छी रैंक



प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करने वाली दिक्षिता जोशी एवं मीनाक्षी आर्या को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं उपवा जिलाध्यक्ष द्वारा शुभकामनाए दी गयी। इस मौके पर दीक्षिता जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई में एकाग्रता, कड़ी मेहनत और लक्ष्य आधारित शिक्षा के माध्यम, मेडिटेशन से छात्र–छात्रायें विभिन्न परीक्षाएं पास करके मुकाम हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में असफलता से घबराना नहीं चाहिए।

# तंबाकू की लत को आज ही छोड़ने की अपील की







रुद्रप्रयाग। तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रुद्रप्रयाग व नशा मुक्ति संगठन के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में तंबाकू की लत को आज ही छोड़ने की अपील की गई। तंबाकू निषेध दिवस पर एनएचएम, नशामुक्ति संगठन के बैनर तले राइंका गुप्तकाशी के रासेयो स्वयंसेवियों, डा0 जैक्स वीन नेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र व प्रजापिता ब्रहमकुमारी संगठन से जुड़े सदस्यों लोनिवि पारिसर के समीप एकत्र हुए, जहां से हाथों में तंबाकू निषेध से संबंधित तख्तियां लिए छात्रों ने मुख्य बाजार होते हुए राइंका गुप्तकाशी तक रैली निकाली। रैली के उपरांत राइंका गुप्तकाशी में पौधरोपण किया गया। जिसके उपरांत तंबाकू निषेध उपर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख ममता नौटियाल ने कहा कि कैंसर जैसी भयावह बीमारी को बढावा देने में तंबाकू सबसे आगे है। उन्होंने स्वस्थ भारत के संकल्प की प्राप्ति के लिए आज ही तंबाकू छोड़ने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत सदस्य गणेश तिवारी ने तंबाकू निषेध कि लिए अधिक से अधिक जागरूकता पर जोर दिया। कंसल्टेंट एनटीसीपी दीपक नौटियाल ने कहा कि बीड़ी सिगरेट, पान–मसाला, हुक्का आदि सभी तंबाकू उत्पाद जानलेवा है उन्होंने कहा कि तंबाकू के उपयोग से सिर से लेकर पैर तक सभी अंगों को नुकसान होता है, इससे दांतों व मुहं में सड़न, पुरूषों में नपुसंगता व शुक्राणुओं में कमी, महिलाओं में प्रजनन में कमी होतो है, इससे क्षय रोग होने की संभावना भी बढ जाती है।

उन्होंने कहा कि तंबाकू छोडना आसान है, तंबाकू छोड़ने पर शुरूआत में कुछ परेशानी होगी लेकिन घबराए नहीं किसी भी प्रकार की समस्या के लिल टोल फ्री नंबर 104 व तंकाबू क्वीटालाइन 1800112356 पर काल करे या 01122901701 पर मिस्ड कॉल दें। इस अवसर पर आनंदमणि सेमवाल, दिनेश थपलियाल, मगन सिंह रावत, कुवरी बड़थ्वाल, दयाल सिंह चौहाना, संगीता थपलियाल आदि ने विचार रखें।

कार्यक्रम में काउंसलर आरकेएसके विपिन सेमवाल निगरानी व मूल्यांकन अधिकारी नागेश्वर बगवाड़ी सोशल वर्कर दिगपाल कंडारी आईसीआईसी हरेंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

## पोस्टर प्रतियोगिता में कशिश, हेमलता, ईशा रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : आजादी के अमृत महोत्सव एवं एंटी ड्रग्स सेल के तत्वाधान में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस को लेकर पोस्टर व प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में कशिश पोखरियाल ने पहला, हेमलता ने दूसरा व ईशा ने तीसरा तृतीय स्थान प्राप्त किया। "हमें भोजन चाहिए-तम्बाकू नही" की थीम पर कालेज पसिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने युवाओं में बढ़ते तंबाकू के सेवन पर चिंता जताई। कहा कि समाज में जिस तरह से तंबाकू व उससे बने उत्पादों को प्रति रूचि बढ़ रही है वह सभी के लिए खतरे का संकेत है। इस मौके पर एंटी ड्रग्स सेल के नोडल अधिकारी डा. विवेक रावत ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल ने छात्र-छात्राओं को तम्बाकू के सेवन व उससे जुड़ी बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके डा. सुधीर सिंह रावत, डा. गिरीश चन्द्र आर्य, डा. विनोद कुमार डा. अजय कुमार डा. विकास प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजपाई बोले पूर्व विधायक को विकास कार्यों की जानकारी नहीं

श्रीनगर गढ़वाल : कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गणेश गोदियाल के कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत पर लगाए गये भ्रष्टाचार के आरोपों पर भाजपा कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश है। उन्होंने गोदियाल के बयानों की निंदा करते हुए कहा कि पूर्व विधायक को श्रीनगर विधानसभा में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी नहीं है।

श्रीनगर मंडल कार्यालय में आयोजित बैठक में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रावत ने कहा कि श्रीनगर विधानसभा ने विकास की ओर अग्रसर है। शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य डा. धन सिंह रावत द्वारा किए जा रहे हैं। श्रीनगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण ने कहा कि पूर्व विधायक गणेश गोदियाल द्वारा अपने दिए गए बयानों पर माफी मांगनी चाहिए। कहा गोदियाल के क्षेत्र में न रहने के कारण उनको क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की पूरी जानकारी नहीं है। धिरवाण ने कहा कि कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के द्वारा श्रीनगर मेडिकल कॉलेज को हाईटेक बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जल्द ही अस्पताल में एमआरआइ मशीन का शुभारंभ भी होगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष लखपत भंडारी, जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट, ओबीसी मोर्चा महामंत्री जगमोहन नेगी, श्रीनगर महामंत्री संजय गुप्ता, सौरभ सौरभ पांड़े, मुकेश चमोली, आशीष उनियाल, सौरभ जैन आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)


**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
[illegible]
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**ई–निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमंत्रित ई–निविदा सं. 01/EDDK/23–24 से ई–निविदा सं. 05/EDDK/23–24 के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि [illegible] 05.06.2023 को 16.00 बजे तक बढ़ायी जाती है तथा ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि 06.06.2023 को 11.00 बजे तक स्वीकार की जायेंगी एवं ई–निविदा प्रपत्र ऑनलाईन और ऑफलाईन निविदा भाग एक खुलने की तिथि 06.06.2023 एवं समय 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत हैं।

पत्रांक: 1488/विवि[illegible]/टी–6 दिनांक: 31.05.2023 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर पाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ [illegible]–0135–2760911 पर दें।)


# डीएम ने किया ऑडिटोरियम निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए भूमि का निरीक्षण



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बुधवार को श्रीनगर में विभिन्न स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने श्रीनगर स्थित नर्सरी रोड़ में गंगा संस्कृति केन्द्र के निर्माण की दृष्टि से साइट सैलेक्शन हेतु, एनआईटी श्रीनगर के पास यूकास्ट की भूमि का ऑडिटोरियम निर्माण की दृष्टि से भूमि का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम अलकनंदा नदी पर सिंचाई विभाग द्वारा किये जाने वाले रिटेंनिग वाल सुरक्षा दीवार का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने सुरक्षा दीवार को जरूरी बताते हुए सिंचाई विभाग को इस संबंध में शासन स्तर से धन आवंटित होते ही सुरक्षात्मक कार्य को बेहतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। श्रीनगर के वार्ड नंबर 6 में कंसमर्दिनी सैंण की अलकनंदा नदी से उक्त बाढ़ सुरक्षा कार्य होना प्रस्तावित है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने श्रीनगर स्थित नर्सरी रोड़ में गंगा संस्कृति केन्द्र के निर्माण की दृष्टि से साइट सैलेक्शन हेतु स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध के अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिये। इसके उपरांत एनआईटी श्रीनगर के पास यूकास्ट की भूमि का ऑडिटोरियम निर्माण की दृष्टि से भूमि की उपयुक्तता के क्रम में स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी श्रीनगर अजयवीर सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई सचिन शर्मा, तहसीलदार हरीश जोशी आदि उपस्थित थे।

## 504 लोगों से वसूला 6.53 लाख जुर्माना

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : चारधाम यात्रा में कानून व्यवस्था को बनाए रखने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान जारी है। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने के वाले 504 लोगों पर 6.53 लाख का जुर्माना लगाया। जिसमें पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले 22, ओवरस्पीड मामले में 195 और गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 287 लोगों पर एमवी ऐक्ट के तहत कार्रवाई की। साथ ही पुलिस ने 11 के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित और 18 वाहन सीज किए गए।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडेन्टिटी संख्या : U40109UP2001SGC025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जीएसटी० व ईपीएफ में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हों) दिनांक 20–06–2023 के 13.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 19–06–2023 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के नाम में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा मान्य नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 05/2023–24 | रू0 500/– | विद्युत उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत [illegible] अनुभाग में जीर्णशीर्ण/क्षतिग्रस्त पोल एवं लिंक्स बनाये जाने का कार्य। | 18000.00 |

पत्रांक : 1476/विवि[illegible]/टी–4 अधिशासी अभियन्ता,
दिनांक : 31.05.2023 विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)


## शर्मा कुलसचिव और आजाद बनें परीक्षा नियंत्रक

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि को कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रक सहित चार पदों पर स्थायी नियुक्ति हो गई है। विवि की कार्य परिषद ने चार पदों पर चयनित हुए आवेदकों के नामों पर अपनी मुहर लगा दी है। जल्द ही उक्त पदों पर चयनित उम्मीदवार अपनी ज्वाइनिंग देंगे।

गढ़वाल केंद्रीय विवि में वर्तमान में प्रो. एनएस पंवार बतौर कार्यवाहक कुलसचिव अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विवि स्थायी कुलसचिव रहे डा. अजय खंडूड़ी द्वारा 31 जनवरी 2022 को कुलसचिव पद को छोड़ देने के बाद यह पद रिक्त चल रहा था। विवि द्वारा दो माह पूर्व उक्त पद के लिए आवेदन मांगे गए थे। जिसके लिए 20 आवदेकों को साक्षात्कार के लिए योग्य पाया गया था। गत 29 अप्रैल को कुलसचिव पद पर चयन के लिए साक्षात्कार हुआ था। जिसमें धीरज शर्मा का चयन किया गया।

**COURT NOTICE**

IN THE COURT OF SENIOR CIVIL JUDGE (GARHWAL)
O.S. NO. 23 OF THE YEAR 2023
Parminder Singh V/s Smt. Parvindar Kaur & Others
Summons to - General Public

Whereas the petitioner has filed a suit for declaration regarding name of her mother Smt. Gyan Kaur @ Paramjit Kaur. If any person has any objection he/she /they may appear before this Court in person or through pleader on Dt 25-7-2023. at 10. A.M. and file written objections of their defence. Take notice that, in default of your appear-ance on the day before mentioned, the matter will be heard and determind in your absence.

Given under my hand and seal of the court on dated 26-05-2023__

**Sr. Civil Judge**
**Kotdwara (Garhwal)**

**अदालती सूचना**

**न्यायालय असिस्टैन्ट कलैक्टर प्रथम श्रेणी कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल**
**रा0वा0 संख्या 22 सन् 2021**
**कान्ता देवी तथा अन्य बनाम् सरकार आदि**

समन बनाम-
श्रीमती चन्द्रकला पत्नी राकेश चन्द्र 2. दीपक कुमार, 3. नीरज कुमार पुत्रगण राकेश चन्द्र, 4. मजू पत्नी श्यामलाल, 5. अरविन्द, 6. आशीष, पुत्रगण पूरणचन्द्र, 7. कैलाश चन्द्र, 8. हरीश चन्द्र, 9. कैलाश चन्द्र पुत्रगण पीताम्बर दत्त, 10. गबर सिंह पुत्र जुपल सिंह, 11. संजय सिंह उर्फ सतपाल सिंह पुत्र तुला सिंह, 12. झबरी देवी पत्नी कल्याण सिंह, 13. भारत सिंह पुत्र कल्याण सिंह, 14. मोहन सिंह पुत्र कल्याण सिंह, 15. पाल सिंह उर्फ सतपाल सिंह पुत्र तुला सिंह, 16. रघुवीर सिंह, 17. कमल सिंह, 18. मदन सिंह पुत्रगण गुलाब सिंह, 19. राजेश, 20. रितेश पुत्रगण अमर सिंह, 21. मदन सिंह, 22. दुलप सिंह, 23. महेश चन्द्र पुत्रगण महानन्द, 24. वेलम सिंह पुत्र शंकर सिंह, 25. ललित मोहन पुत्र कृपाल सिंह, 26. फते सिंह पुत्र मोहर सिंह, 27. सुदर्शन पुत्र लक्ष्मण सिंह, 28. प्रदीप कुमा पुत्र वीरेन्द्र सिंह, 29. भारत सिंह पुत्र पंचम सिंह, 30. पुष्पा देवी पत्नी सिद्धान्त, 31. अनूसुया देवी पत्नी सुभाष चन्द्र, 32. इन्दू देवी पत्नी सुभाष चन्द्र, 33. सुभाष चन्द्र पुत्र शीश राम, 34. धर्म सिंह पुत्र पंचम सिंह, 35. सोहन सिंह पुत्र थान सिंह, 36. अनूप सिंह पुत्र करमवीर सिंह, 37. अरूण कुमार पुत्र नीला सिंह, 38. संजीव कुमार पुत्र प्यारेश्वरी प्रसाद, 39. दलीप सिंह पुत्र श्याम सिंह, 40. विवेकानन्द पुत्र सुरेशानन्द, 41. सुरेन्द्र सिंह पुत्र गोकुल सिंह, 42. घनानन्द पुत्र रैवत राम, 43. सुदर्शन प्रसाद पुत्र घनानन्द, 44. नरेन्द्र सिंह पुत्र महिपाल सिंह, 45. गजेन्द्र सिंह पुत्र डबल सिंह, 46. महेश कुमार पुत्र रामचन्द्र, 47. सुशील सिंह पुत्र जगदीश सिंह, 48. सविता पत्नी वीरेन्द्र, 49. आनन्दी देवी पत्नी सुदर्शन देव, 50. सुनीता पत्नी चन्द्र सिंह, 51. जगत सिंह पुत्र प्रताप सिंह, 52. ज्योति पत्नी भूपेन्द्र सिंह, 53. विनोद सिंह पुत्र दर्शन सिंह, 54. जगदीश सिंह पुत्र इन्द्र सिंह, 55. विजय सिंह पुत्र कुंवर सिंह, 56. हिमानी पत्नी संदीप, 57. सुभाष चन्द्र पुत्र दीनदयाल, 58. भूदरा देवी पत्नी फते सिंह, 59. संजय सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, 60. आकांशा पत्नी संजय, 61. विधाता देवी पत्नी रामकृष्ण, 62. राकेश कुमार, 63. राजेश कुमार पुत्र पुत्रगण रामकृष्ण, 64. सतीश चन्द्र पुत्र मोहन लाल, 65. दीनदयाल पुत्र जगतराम, 66. सुरेन्द्र सिंह पुत्र जे0एस0 असवाल, 67. ऊषा पत्नी सुरेन्द्र सिंह, 68. गुड्डी देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह, 69. अनिल पुत्र गौरी शंकर, 70. राजेश कुमार पुत्र रामकृष्ण, 71. दिनेश सिंह पुत्र निहाल सिंह, 72. सीमा पत्नी सतेन्द्र सिंह, 73. चन्द्रप्रकाश पुत्र प्रहलाद दत्त, 74. ज्योति पुत्री राजेन्द्र प्रसाद, 75. नवजीत सिंह पुत्र रवीन्द्र सिंह, 76. मनोज सिह पुत्र योगम्बर सिंह, 77. देवेन्द्र सिंह पुत्र योगम्बर सिंह, 78. सुरेन्द्र सिंह पुत्र रघुवीर सिंह, 79. चन्द्रशेखर सिंह पुत्र कीर्ति सिंह, 80. गोदम्बरी देवी पत्नी नरेन्द्र सिंह, 81. मान्दा देवी पत्नी फते सिंह, 82. कमलेश सिंह, 83. प्रमोद सिंह पुत्रगण फतेह सिंह निवासीगण ग्राम उदयरामपुर, पट्टी मोटाढ़ाक, कोटद्वार गढ़वाल उत्तराखण्ड। 84. उत्तराखण्ड सरकार बजरिये कलैक्टर, पौड़ी गढ़वाल। 85. सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम कोटद्वार गढ़वाल। पार्षद वार्ड सं0-35, त्रिलोकपुर, कोटद्वार गढ़वाल, उत्तराखण्ड

हरगाह वादी द्वारा एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 229बी मेरे न्यायालय में योजित किया गया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त के सम्बन्ध में यदि आपको कोई आपत्ति हो तो दिनांक 09/06/23 को प्रातः 10.00 बजे मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी पैरवी करना सुनिश्चित करें। अन्यथा मामले की सुनवाई एकतरफा की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत के आज दिनांक 31/05/23 को जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**न्यायालय असिस्टेन्ट कलैक्टर (प्र0श्रे0)**
**कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल**


**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से [illegible] द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत एवं धरोहर राशि का भुगतान निविदाकर्ता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 76-DRN-23-24 Dt : 31.05.2023 |
| Name of Work | Cutting & stacking of trunks and branches of dangerous trees near railway track in the section of Sr.DEN/4/MB |
| Tender Closing Date and Time | 27.06.2023 16:00 |
| Advertised Value (Rs.) | 3099939.21 |
| Earnest Money (Rs.) | 60000.00 |
| Tender Doc. Cost (Rs.) | 0.00 |
| Period of Completion | 3 Months |
| Bidding Start Date | 13.06.2023 |

टेन्डर नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 31.05.2023 1883/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## सम्पादकीय

# आर्थिक अभाव में मौत का डोज

उत्तराखंड से एक ऐसी विचलित कर देने वाली खबर सामने आई है जो आज इंसान के टूटते धैर्य और मजबूरियों को दर्शाती है। विकसित समाज का दावा करने वाला तंत्र आम नागरिकों को वह बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं भी मुहैया कराने में असमर्थ है जो आर्थिक रूप से संपन्न ना होने के कारण पूरे परिवार को तोड़ देती है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में रहने वाले डॉक्टर इंद्रेश शर्मा और उनकी पत्नी वर्षा शर्मा की मौत की कहानी ऐसी ही आर्थिक अभाव से जुड़ी हुई है जिसमें इलाज के लिए पैसा ना होने के कारण पति पत्नी ने मौत का रास्ता चुनना ज्यादा बेहतर समझा। जिंदगी समाप्त करने के लिए डॉक्टर इंद्रेश किस तरह से खुद को तैयार कर चुके थे कि हत्या से पूर्व ना केवल उन्होंने रात का खाना मिलकर खाया, बल्कि अपने बच्चे के साथ लूडो खेला। पिछले 10 वर्षों से कैंसर से पीड़ित पर शर्मा का इलाज चल रहा था लेकिन अब आर्थिक रूप से तंगी परेशानी का कारण बनने लगी थी और ऐसा कोई रास्ता डॉक्टर को नजर नहीं आ रहा था कि वह अपनी पत्नी का इलाज सुचारू रूप से कर सके। मानसिक अवसाद से जूझते चिकित्सक ने इस समस्या का जो हल निकाला उसने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया। उत्तराखंड के काशीपुर के एक निजी अस्पताल में आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी के पद पर तैनात डॉक्टर ने पहले अपनी पत्नी को जहर का इंजेक्शन लगाया एवं उसके पश्चात खुद भी इंजेक्शन लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। चिकित्सक अपने पुत्र को आर्थिक अभाव के कारण कहीं प्रवेश भी नहीं दिला पाए जिससे कहीं ना कहीं चिकित्सक अंदर घुटने लगे थे और रही सही कसर पत्नी की कैंसर के इलाज में आ रही आर्थिक बाधा ने पूरी कर दी। किसी भी समाज में सरकार का यह कर्तव्य बनता है कि वह अपने नागरिकों को हर प्रकार की स्वास्थ्य शिक्षा व अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराएं। खासतौर से ऐसे लोग जो गंभीर बीमारियों से पीड़ित है और आर्थिक रूप से इलाज कराने में संपन्न नहीं है, आर्थिक अभाव के कारण यदि अपनी जान गवा ते हैं तो यह बेहद ही चिंतनीय है। आजा स्वास्थ्य की दिशा में देश भर की सरकारें राज्य में विभिन्न योजनाएं चला रही है वही ऐसी अति गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को लाभान्वित करने के लिए भी खास योजनाएं चलाना जरूरी है। एक चिकित्सक होने के बावजूद दो जिंदगियां समाप्त करना निश्चित तौर पर मजबूरियों की एक हद है जिस की पीड़ा शायद मृतक चिकित्सक लंबे समय से जेल से आ रहे होंगे। संभव है चिकित्सक की पत्नी को शायद इस बात का आभास नहीं रहा होगा कि जो इंजेक्शन उन्हें लगाया जा रहा है वह जल उनकी सांसे थाम देगा। घटना वाकई बेहद विचलित कर देने वाली है और किसी को भी ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए लेकिन ऐसे एक नहीं सैकड़ों किस्से रोज सुनाई देते हैं जिनमें आर्थिक अभाव के कारण लोग ना केवल अपनी, बल्कि अपने परिवार तक को पूरी तरह से मौत की नींद सुला देते हैं।

# भारत प्रगति, प्रकृति, मानवता और लोक-कल्याण का अद्भुत संगम बना

**राम नाथ कोविंद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस दौरान भारत के हर क्षेत्र में विकास की दृष्टि से क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। मैं इस बदलते भारत का साक्षी रहा हूँ। पहले एक सामान्य नागरिक के रूप में, फिर एक राजयपाल के रूप में, बाद में देश के राष्ट्रपति के रूप में और अब देश के पूर्व राष्ट्रपति के रूप में मैंने इन परिवर्तनकारी बदलावों को बहुत ही नजदीक से अनुभव किया है। देश के एक नागरिक के रूप में मैं इतना निश्चित रूप से कहना चाहता हूँ कि मेरा देश बदल रहा है। ये अनुभव आज देश का हर नागरिक कर रहा है। साथ ही, पूरी दुनिया भी भारत में बीते 9 सालों में आये बदलाव से आश्चर्यचकित है और भारत को सलाम कर रही है।

बीते 9 वर्षों में वैश्विक मंचों पर निरंतर भारत की ताकत का आभास होना सुखद संकेत है। यह ताकत इसलिये भी बढ़ रही है क्योंकि दुनिया अब युद्ध नहीं, शांति चाहती है। भारत अपनी शांति, मानवतादी सोच एवं हिंसा-युद्ध विरोधी नीतियों से सभी महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जिस तरह वैश्विक समुदाय का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है, उससे यही पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मामलों में भारत की भूमिका बढ़ रही है एवं मजबूत हो रही है। इसका एक प्रमाण अभी हाल ही में हमने हिरोशिमा, फिजी और ऑस्ट्रेलिया में भी देखा। भारत में जी-20 का जिस तरह से सफल आयोजन हुआ, वह पूरे देश को गौर्वान्वित करने वाला है। श्रीनगर में जी-20 की बैठक का सफल आयोजन वैश्विक पटल पर भारत के बढ़ते कदम का मजबूत हस्ताक्षर है। श्रीनगर के साथ लद्दाख और अरुणाचल में जी-20 की बैठकों का आयोजन 'एक भारत - श्रेष्ठ भारतइ के दर्शन को चरितार्थ करता है।

मुझे बीते 9 वर्षों में जिस बात से सबसे अधिक प्रसन्नता हुई है, वह यह है कि इस कालखंड में देश के गाँव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित, पिछड़े, महिलायें एवं युवा - सभी सशक्त हुए हैं। आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। देश के युवा वैश्विक पटल पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। सामाजिक न्याय के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार समर्पित रही है क्योंकि सरकार की कार्यसंस्कृति का आधार ही सबका साथ, सबका विकास रहा है। बीते 9 सालों में लगभग 48 करोड़ लोगों के लिए बैंक के द्वार खुले, बिजली से वंचित 18 हजार से अधिक गाँवों और लगभग 4 करोड़ घरों में बिजली पहुंची, लगभग तीन करोड़ गरीबों के घर बने, लगभग 11 करोड़ शौचालय बनाये गए, 9.5 करोड़ गैस कनेक्शन वितरित किये गए, देश के 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत का कवच दिया गया, करोड़ों एलईडी बल्ब वितरित किये गए, लाखों गाँवों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया, किसानों और मजदूरों के लिए मासिक पेंशन की व्यवस्था की गई और 10 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत सशक्त बनाया जा रहा है। देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को जरूरी राशन मुफ्त में दिया जा रहा है। यही तो वे बुनियादी आयाम हैं, जिसकी भारत वर्षों से बाट जोह रहा था।




आज लाभार्थियों के हक् का पैसा बिना किसी बिचौलिए के सीधे उनके बैंक एकाउंट में ट्रांसफर हो रहा है। इसमें जो पहले लीकेज हो रहा था, उसको ख़त्म कर इस पैसे का उपयोग गरीब कल्याणकारी योजनाओं में लगाया जा रहा है। मैंने खबर पढ़ी है कि डीबीटी के माध्यम से लगभग 27 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाभार्थियों के एकाउंट में अब तक ट्रांसफर की जा चुकी है। बीते 9 वर्षों में देश की प्रति व्यक्ति आय और किसानों की आय में व्यापक वृद्धि हुई है। हर गाँव को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग का व्यापक विस्तार हुआ है। विकास के कॉरिडोर बनाये जा रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में भारत की तैराकी बेमिसाल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश को हर मोर्चे पर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं बल्कि वे इतिहास की कई गलतियों को भी सुधार रहे हैं और 'न्यू इंडियाइ के मजबूत संकल्प को साकार कर रहे हैं। बीते 9 सालों में भारत ने कई विवादित मुद्दों का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बन रहा है, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त हुआ, आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार हुआ और मुस्लिम महिलाओं को ट्रिपल तलाक से आजादी मिली। बीते 9 वर्षों में देश गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाने की राह पर चल पड़ा है। रेस कोर्स रोड, लोक कल्याण मार्ग के रूप में प्रतिष्ठित हुआ, राजपथ अब कर्तव्य पथ है, नेशनल वॉर मेमोरियल बना, इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगी, सरदार पटेल को समर्पित विश्व की सबसे बड़ी मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनी।

देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो गए। आज भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है लेकिन इतने वर्षों बाद भी लोकतंत्र का हमारा मंदिर संसद ब्रिटिश कालीन निर्मित भवन में चल रहा था जिसे संसद भवन के रूप में बनाया ही नहीं गया था। वर्षों से नए संसद भवन की जरूरत थी। मैंने भी एक सांसद के रूप में एक नए भवन की जरूरत महसूस की थी। कई बार इस पर चर्चा हुई लेकिन पहल नहीं की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नए संसद भवन के निर्माण का बीड़ा उठाया और रिकॉर्ड समय में हमारा नया संसद भवन बन कर तैयार हुआ। पूरा देश इस ऐतहासिक क्षण का गवाह बना। यह भारत के महान लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन में महती योगदान देगा। संसद भवन में देश की आजादी के समय सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक सेंगोल को भी पूरे विधि विधान के साथ स्थापित किया गया जो हमारी महान विरासत का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने का सौभाग्य मुझे भी मिला।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश को हर मोर्चे पर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं बल्कि वे इतिहास की कई गलतियों को भी सुधार रहे हैं और 'न्यू इंडियाइ के मजबूत संकल्प को साकार कर रहे हैं। बीते 9 सालों में भारत ने कई विवादित मुद्दों का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बन रहा है, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त हुआ, आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार हुआ और मुस्लिम महिलाओं को ट्रिपल तलाक से आजादी मिली। बीते 9 वर्षों में देश गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाने की राह पर चल पड़ा है। रेस कोर्स रोड, लोक कल्याण मार्ग के रूप में प्रतिष्ठित हुआ, राजपथ अब कर्तव्य पथ है, नेशनल वॉर मेमोरियल बना, इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगी, सरदार पटेल को समर्पित विश्व की सबसे बड़ी मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनी।**

नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्षों में भारत ने कई चुनौतियों को परास्त करते हुए इसे देश के लिए अवसर में बदला है। कोरोना काल में देश ने जिस तरह एकजुटता दिखाई और इसे मात दी, वह वाकई काबिलेतारीफ है। कोरोना और रूस-यूक्रेन युद्ध तथा दुनिया में आई आर्थिक मंदी के बावजूद भारत सबसे तेज गति से आर्थिक विकास कर रहा है। नरेन्द्र मोदी सरकार के विजन से भारत 9 वर्षों में दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी। भारत रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। भारत आज रक्षा उत्पादों का निर्यात भी कर रहा है। सीमा सुरक्षा मजबूत हुई है। सीमा सुरक्षा और सीमा पर बसे गाँवों में रहने वाले लोगों के सशक्तिकरण के उद्देश्य के साथ शुरू हुई वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की जितनी तारीफ की जाय, कम है।

बीते 9 सालों में ऐसी कई परियोजनाएं पूरी हुई जिसे वर्षों पहले शिलान्यास का पत्थर लगाकर या फिर काम शुरू करने का खानापूरी कर उसे अधूरा छोड़ दिया गया था। ऐसी लगभग 400 से अधिक परियोजनाएं ऐसी थीं जिसे कांग्रेस सरकार ने शिलान्यास करके छोड़ दिया था। इससे न देश को लाभ मिल रहा था, तिस पर इसकी लागत भी बढ़ती जा रही थी। कई परियोजनाएं 30-40 साल से अधूरी लटकी हुई थी। नरेन्द्र मोदी सरकार ने इन सभी परियोजनाओं को रिकॉर्ड समय में पूरा कर देश को समर्पित किया।

मैं बीते 9 साल को भारत की आशा, आकांक्षा और विश्वास के 9 साल मानता हूँ जहाँ देश के हर एक नागरिक को अपने देश पर गर्व हुआ है। बीते 9 वर्षों में भारत प्रगति, प्रकृति, मानवता और लोक-कल्याण का अद्भुत संगम बना है। इन 9 वर्षों में भविष्य के भारत की नींव रखी है जो 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक होगा। आइये, हम सब देशवासी एकजुट होकर देश के पुनर्निर्माण के यज्ञ में अपनी आहुति दें और भारत को विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित करने में अपने आप को समर्पित करें।

लेखक पूर्व राष्ट्रपति, भारत हैं

# इमरान बिना पार्टी के अकेले न रह जाएं?

**श्रुति व्यास**

पाकिस्तान की सियासी स्क्रीप्ट से इमरान खान का रोल आउट हो सकता है। उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से इस्तीफों की झड़ी लग गई है। पार्टी के बड़े नेताओं में से एक और पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने पार्टी छोड़ दी है। ट्विटर पर उन्होंने कहा कि वे राजनीति से ब्रेक ले रहे हैं। अब वे इमरान खान के साथ नहीं हैं। इमरान का साथ छोडने वाले फवाद दूसरे पूर्व फ़ेडरल मंत्री हैं। इसके पहले मंगलवार (23 मई) को पूर्व मानवाधिकार मंत्री शिरीन मज़ारी ने दो बार गिरफ्तार होने के बाद 'स्वास्थ्य कारणोंइ से राजनीति को अलविदा किया था।

मई की शुरुआत में इमरान खान की गिरफ़्तारी (जिसे सुप्रीम कोर्ट ने बाद में गैरकानूनी करार दिया) के बाद देश में भड़की हिंसा का खामियाजा इमरान की पार्टी को भुगतना पड़ रहा है। सेना ने कड़ी कार्यवाही करते हुए इमरान के हजारों समर्थकों को गिरफ्तार किया है। उनकी सरकार में मंत्री रहे कई नेताओं को सैनिक अदालतों की हिरासत में पहुंचा दिया गया है। उनके खिलाफ मुक़दमे चलाये जा रहे हैं। सेना के इस कहर से घबराकर पीटीआई के कई पूर्व सांसदों और मझौले स्तर के नेताओं ने या तो पार्टी छोड़ दी है या राजनीति से ही तौबा कर ली है। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को रिपोर्टरों को बताया कि सरकार पीटीआई पर प्रतिबन्ध लगाने पर विचार कर रही है क्योंकि पार्टी ने राज्य के मूल आधार पर चोट की है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

उधर इमरान सरकार पर लगातार बरस रहे हैं। थर्ड एम्पायर अर्थात जनता से अपील कर रहे हैं कि वह सेना और उसकी कठपुतली सरकार को मनमानी करने से रोके। हाल में अपने एक वीडियो भाषण, जिसे दसियों हज़ार लोगों ने देखा, में उन्होंने कैमरे के सामने एक दस्तावेज़ लहराते हुए कहा कि यह वोटरों के सर्वेक्षण का नतीजा है। उन्होंने कहा, देख लीजिए, आज 70 प्रतिशत लोग हमारी पार्टी के साथ खड़े हैं। यह साफ़ नहीं है कि यह सर्वेक्षण कितना सही है या ऐसा कोई सर्वेक्षण हुआ भी था या नहीं ?लेकिन माना जा सकता है कि इमरान देश की जनता और विशेषकर युवाओं के दिलो-दिमाग पर छाए हुए हैं। देश के 12.5 करोड़, जो कुल रजिस्टर्ड वोटरों का 44.36 प्रतिशत हैं, इमरान के दीवाने हैं।

इन दिनो इमरान लाहौर में अपने घर से अपने वीडियो भाषण नियमित तौर पर जारी कर रहे हैं। इन भाषणों में वे आरोप लगाते हैं कि उन्हें सीखचों के पीछे डालने की कोशिश और उनकी पार्टी के खिलाफ कार्यवाही, दरअसल, देश की राजनीति में गैरवाजिब दखल देने की आदी सेना और शहबाज़ शरीफ के नेतृत्व वाली सेना की कठपुतली मिलीजुली सरकार की सोची-समझी साजिश है। इस साजिश का उद्देश्य है पीटीआई को अगली सरकार बनाने से रोकना। सेना और शरीफ सरकार ने पलटवार करते हुए इमरान पर हिंसा में शामिल 30 से 40 आतंकियों को लाहौर के अपने घर में पनाह देने का आरोप लगाया है।सो पाकिस्तान में हालात एक तरफ कुआँ और दूसरी तरफ खाई वाले है। ऐसी अफवाह है कि अगर इमरान की पार्टी पीटीआई को प्रतिबंधित किया जाता है तो उनके अनुयायी और मुरीद गुस्से से पागल हो जाएंगे। समर्थक देश को हिंसा की आग में धकेल देंगे। परन्तु यह भी हो सकता है कि जिस तरह का कहर सरकार बरपा रही है, उसके चलते उनके समर्थक और पार्टी के सदस्य डर कर चुपचाप बैठ जाएँ।जहाँ तक इमरान का सवाल है, वे हथियार डालने के मूड में कतई नहीं हैं। वे सत्ता में अपनी वापसी के लिए इतने आतुर हैं कि वे सेना के खिलाफ युद्ध के मैदान में उतरने में हिचकिचाएंगे नहीं। सेना के लिए अब पूरा मसला इज्ज़त का सवाल है। वह देश की भाग्यविधाता बनी रहना चाहती है।

# नया संसद भवन, नई उम्मीदें!

**अजीत द्विवेदी**

संसद की नई इमारत के समर्थन और विरोध में बहुत कुछ लिखा जा चुका है। जिस समय इस इमारत की नींव रखी गई थी उस समय इसकी जरूरत और औचित्य को लेकर सवाल उठे थे। विपक्षी पार्टियों ने कहा था कि कोरोना महामारी के समय इस तरह का निर्माण धन का दुरुपयोग है। जब इसके ऊपर विशाल अशोक स्तंभ स्थापित किया गया तो शेरों की भाव-मुद्रा को लेकर सवाल उठे। इसके बाद जब उद्घाटन का समय आया तो 28 मई की तारीख पर विवाद हुआ और फिर राष्ट्रपति से उद्घाटन नहीं कराने का मुद्दा बना। विपक्ष ने इसे देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति के मान-अपमान का मुद्दा बनाया। लोकसभा में स्पीकर के आसन के पास धार्मिक प्रतीक सेंगोल यानी राजदंड स्थापित करने का भी विवाद हुआ। दूसरी ओर सत्तारूढ़ गठबंधन और उसके समर्थकों का कहना है कि यह देश के लिए गौरव की बात है कि आजाद और आत्मनिर्भर भारत का अपना संसद भवन बना है। पुराना संसद भवन औपनिवेशिक गुलामी का प्रतीक था, जिसे अंग्रेजों ने बनवाया था।

उम्मीद करनी चाहिए कि उद्घाटन के बाद यह विवाद समाप्त हो जाएगा और संसदीय कामकाज पर पक्ष और विपक्ष दोनों का ध्यान केंद्रित होगा। दोनों यह समझेंगे कि संसद सिर्फ एक विशाल और भव्य इमारत का नाम नहीं है। अगर संसद में खुले दिल से विचार विमर्श नहीं होता है, जनता के मुद्दों पर सार्थक संवाद नहीं होता है और अधिकतम लोगों के हितों को ध्यान में रख कर कामकाज नहीं होते हैं तो फिर इमारत कितनी भी भव्य हो, संसदीय लोकतंत्र की नींव कमजोर होगी। दुर्भाग्य से पिछले कुछ बरसों से यह नींव लगातार कमजोर होती जा रही है। जो लोग पुरानी इमारत को औपनिवेशिक गुलामी का प्रतीक मानते हैं उनको पता नहीं यह जानकारी है या नहीं कि आजादी के बाद उसी संसद में साल के 365 दिनों में 138 दिन बैठक होती थी और अब 60 दिन भी नहीं होती है। उस समय शायद ही कभी कार्यवाही बाधित होती थी। सदन के हर सत्र में जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा होती थी। अब संसद का सत्र पक्ष और विपक्ष में जोर आजमाइश का मैदान बन गया है, जहां कार्यवाही कम चलती है और नारेबाजी, वाकआउट ज्यादा होते हैं।



देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू उसी संसद में प्रश्न काल में भी बैठे रहते थे, जबकि मौजूदा प्रधानमंत्री गिने चुने मौकों पर ही सदन में आते हैं। वे आमतौर पर भाषण देने संसद में आते हैं, जहां उनका भाषण बुनियादी रूप से विपक्ष पर हमला करने वाला होता है। उम्मीद करनी चाहिए कि नए संसद भवन में यह परंपरा समाप्त होगी। संसद की ज्यादा बैठकें होंगी और हर बैठक में कार्यवाही सुचारू रूप से चलेगी। इसमें पक्ष और विपक्ष दोनों को अपनी भूमिका का ध्यान रखना चाहिए। उन्हें याद रखना चाहिए कि डॉक्टर अंबेडकर ने कहा था कि संसद विपक्ष का होता है। यह भी परंपरा से स्थापित है कि संसद के सुचारू संचालन की जिम्मेदारी सरकार की होती है। सो, सरकार इस जिम्मेदारी का निर्वहन करे और विपक्ष रचनात्मक भूमिका निभाए तभी नई इमारत की सार्थकता है। दुर्भाग्य से उद्घाटन समारोह को लेकर पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी राजनीति नहीं छोड़ी। सरकार ने व्हाट्सऐप से निमंत्रण भेज कर औपचारिकता निभाई तो विपक्ष ने भी राष्ट्रपति के मान-अपमान का मुद्दा बना कर उद्घाटन का बहिष्कार कर दिया। कायदे से बड़े नेताओं को पहल करनी चाहिए थी। प्रधानमंत्री बड़ दिल दिखाते और विपक्ष के बड़े नेताओं से बात करते तो वे निश्चित रूप से इसमें हिस्सा लेते और तब इस कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ जाती। उम्मीद करनी चाहिए कि इस विवाद की छाया नए संसद की कार्यवाहियों पर नहीं दिखेगी।

नए संसद भवन में सरकार को कुछ काम तत्काल करने चाहिए, जिससे यह उम्मीद बंधे कि सिर्फ चोला नही बदला है, बल्कि संसद की आत्मा को भी पुनर्जीवित किया जा रहा है। इसमें सबसे पहला काम यह है कि सरकार को पहले सत्र में यानी मॉनसून सत्र में लोकसभा के उपाध्यक्ष की नियुक्ति करनी चाहिए। 17वीं लोकसभा के चार साल बीत चुके हैं और अभी तक उपाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई है। यह महान संसद और उसकी परंपरा दोनों का अपमान है। संविधान सभा की बहसों में और बाद में भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सहित कई महान नेताओं ने लोकसभा में उपाध्यक्ष की जरूरत को रेखांकित किया है। संविधान के अनुच्छेद 93 में लिखा गया है कि हर लोकसभा का गठन होने के साथ ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होना चाहिए। सरकार ने चार साल तक उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं कराया। इसके पीछे कोई संवैधानिक या संसदीय मजबूरी नहीं है, बल्कि स्पष्ट रूप से राजनीतिक कारण हैं। सरकार को अब उससे आगे बढ़ना चाहिए और जल्दी से जल्दी उपाध्यक्ष की नियुक्ति करानी चाहिए।

दूसरा महत्वपूर्ण काम यह करना चाहिए कि संसद की स्थायी समितियों की गरिमा बहाल करनी चाहिए। उन समितियों के अध्यक्ष चाहे सत्तापक्ष के सांसद हों या विपक्ष के, उन्हें स्वतंत्र रूप से काम करने देना चाहिए। समितियों में बहुमत के दम पर सरकार को वर्चस्व दिखाना बंद करना चाहिए और संसदीय समितियों की रिपोर्ट पर संसद में चर्चा होनी चाहिए खासतौर से लोक लेखा समिति की रिपोर्ट पर, जिसका अध्यक्ष पारंपरिक रूप से विपक्ष का नेता होता है। तीसरा महत्वपूर्ण काम यह है कि सरकार को ज्यादा से ज्यादा बिल पास कराने से पहले संसद की स्थायी समितियों को भेजना चाहिए। अभी इनकी संख्या बहुत कम हो गई है। बिना संसदीय समिति को भेजे विधयेक सीधे पेश किए जाते हैं और उन्हें बिना बहस के पास करा लिया जाता है। यहां तक कि बजट जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज पर सदन में चर्चा नहीं हो रही है। कई बार ऐसा हुआ है कि बिना बहस के बजट पास कराया गया है। पिछले कुछ समय से यह परंपरा भी बन गई है कि कर या वित्त से जुड़ा मामला नहीं होने पर भी विधेयक को धन विधेयक की तरह पेश किया जा रहा है और सिर्फ लोकसभा से पास करा कर उसे कानून बना दिया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने अपने एक लेख में बताया है कि हर साल बजट सत्र में वित्त विधेयक में कुछ न कुछ बड़ा मुद्दा शामिल किया जाता है और उसे धन विधेयक की तरह लोकसभा से पास करा लिया जाता है। उसे राज्यसभा के पास भेजा ही नहीं जाता है। यह परंपरा भी तत्काल समाप्त होनी चाहिए।

**नए संसद भवन में सरकार को कुछ काम तत्काल करने चाहिए, जिससे यह उम्मीद बंधे कि सिर्फ चोला नही बदला है, बल्कि संसद की आत्मा को भी पुनर्जीवित किया जा रहा है। इसमें सबसे पहला काम यह है कि सरकार को पहले सत्र में यानी मॉनसून सत्र में लोकसभा के उपाध्यक्ष की नियुक्ति करनी चाहिए। 17वीं लोकसभा के चार साल बीत चुके हैं और अभी तक उपाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई है। यह महान संसद और उसकी परंपरा दोनों का अपमान है। संविधान सभा की बहसों में और बाद में भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सहित कई महान नेताओं ने लोकसभा में उपाध्यक्ष की जरूरत को रेखांकित किया है। संविधान के अनुच्छेद 93 में लिखा गया है कि हर लोकसभा का गठन होने के साथ ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होना चाहिए।**

इस बात की भी मिसाल बनी है कि संसद में विपक्षी सदस्यों की किसी विधेयक पर वोटिंग कराने की मांग ठुकरा दी गई। जिस समय केंद्र सरकार तीन कृषि कानून लेकर आई थी उस समय इससे जुड़े विधेयकों को पास कराने से पहले राज्यसभा में सीपीएम के सांसद एलाराम करीम ने इस विधेयक पर मत विभाजन की मांग की थी। संसद का यह नियम है कि अगर एक भी सदस्य मत विभाजन की मांग करता है तो अनिवार्य रूप से वोटिंग करानी होगी। जिस समय यह मांग हुई उस समय सदन के तत्कालीन सभापति आसन पर नहीं थे। उप सभापति ने मत विभाजन की मांग ठुकर दी और बिना वोटिंग कराए ध्वनि मत से विधेयक को पास कराया। इससे पहले सांसदों को मार्शल के जरिए सदन से बाहर कराया गया। इसके विरोध में सांसदों ने संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने धरना दिया और उपवास किया। उम्मीद करनी चाहिए कि नए संसद भवन में इस तरह की किसी दर्भाग्यपूर्ण घटना का दोहराव नहीं होगा।

# हमेशा साथ रखें डार्क चॉकलेट... इस दिक्कत में तो करती है दवाई का काम! सेकेंड्स में मिल जाएगा आराम

डार्क चॉकलेट हमारी सेहत के लिए जबरदस्त फायदे वाला है. तनाव और घबराहत होने पर डार्क चॉकलेट फायदेमंद होता है. कई स्टडी में भी इसे कंफर्म किया गया है. ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में भी यह लाभकारी होता है. डिप्रेशन की छुट्टी करने में डार्क चॉकलेट गजब का काम करता है. तनाव से भी यह बचाता है. आइए जानते हैं डार्क चॉकलेट तनाव और घबराहत में कितना असरदार होता है और इसके क्या-क्या फायदे होते हैं...

**तनाव की छुट्टी कर देगा डार्क चॉकलेट** स्टडी के मुताबिक, डार्क चॉकलेट खाना तनाव को कम कर सकता है. रिसर्चर ने पाया है कि अगर आप करीब दो हफ्ते तक रोजाना एक मिडियम साइज यानी 40 ग्राम का डार्क चॉकलेट खाते हैं तो स्ट्रेस हार्मीन कोर्टिसोल के साथ ही न्यूरोहोर्मीनल हार्मीन का लेवल कम हो सकता है. तनाव की समस्या होने पर कैटेकोलामाइन न्यूरोट्रांसमिटर ज्यादा हो सकता है. डार्क चॉकलेट खाने से यह कम हो सकता है.

**तनाव को कैसे कम कर देता है डार्क चॉकलेट** रिसर्च के अनुसार, डार्क चॉकलेट में कोकोआ होता है. यह एंटीऑक्सीडेंट्स यानी फ्लेवोनोइड्स का अच्छा सोर्स है. सेहत के लिए यह कमाल का फायदेमंद होता है. रिसर्चर ने अपनी स्टडी में 30 पूरी तरह हेल्दी वयस्कों को शामिल किया. दो हफ्ते तक उन्हें हर दिन करीब 40 ग्राम डार्क चॉकलेट खाने को दिया. इस स्टडी में पाया गया कि इन लोगों में स्ट्रेस हार्मीन का लेवल कम हो गया. स्टडी में पाया गया कि डार्क चॉकलेट आंतों में मेटाबॉलिज्म और बैक्टीरिया की गतिविधि पर भी पॉजिटिव असर करता है.

**स्ट्रेस को कम करता है डार्क चॉकलेट**

1. डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनोल्स नाम का केमिकल कंपाउंड पाया जाता है. जिसका दिमाग के काम पर सकारात्मक असर होता है. ब्रेन को शांत रखने के साथ यह रिएक्शन टाइम और मेमोरी को बेहतर बनाता है.

## अमित शाह आज करेंगे मणिपुर के सीमावर्ती शहर का दौरा

**इंफाल,एजेंसी** । हिंसाग्रस्त मणिपुर के 4 दिवसीय दौरे पर गए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को भारत–म्यांमार की सीमा के पास स्थित मोरेह शहर का दौरा करेंगे। शाह इस शहर में बहुसंख्यक कुकी समुदाय के लोगों के साथ बातचीत करने के साथ–साथ मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेंगे। गौरतलब है कि शाह ने मंगलवार को मणिपुर की सभी पार्टियों के नेताओं के साथ एक सर्वदलीय बैठक समेत कुल 9 अहम बैठकें की थीं।

इस महीने की शुरुआत से मणिपुर में हिंसा जारी है। आदिवासियों ने गैर–आदिवासी मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (स्ज्ञ) का दर्जा दिये जाने के विरोध में 3 मई को एकजुटता मार्च निकाली थी, जिसके बाद एक हफ्ते से ज्यादा समय तक राज्य में हिंसक झड़पें होती रहीं। हिंसा में 80 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। राज्यभर में लगभग 2,000 घरों को भी जलाया गया है और हजारों लोगों को यहां से विस्थापित होना पड़ा है।

## स्कॉर्पियों ने स्कूटी को मारी टक्कर, दंपति और 2 बच्चों को 100 मीटर घसीटा

**लखनऊ एजेंसी**। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्कॉर्पियो चालक ने पहले एक स्कूटी को टक्कर मारी और फिर उसमें सवार दंपति और 2 बच्चों को 100 मीटर तक घसीटा। हादसे में चारों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार देर रात 2:00 बजे अलीगंज गुलाचीन मंदिर के पास हुआ। स्कूटी के नंबर और ड्राइविंग लाइसेंस की मदद से मृतकों की पहचान राम सिंह, पत्नी ज्ञान देवी और उनके 14 और 10 साल के 2 बेटों के रूप में हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाला परिवार सीतापुर से लखनऊ आ रहा था। स्कॉर्पियो चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो टेढ़ी पुलिया से आ रही थी और इस दौरान उसने स्कूटी में टक्कर मारी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कूटी समेत पूरा परिवार स्कॉर्पियो के नीचे फंस गया था, लेकिन चालक ने कार नहीं रोकी। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख प्रकट करते हुए संवेदना व्यक्त की।

## उद्धव ठाकरे पटना में अगले महीने विपक्षी दलों की बैठक में हिस्सा लेंगे :संजय राउत

**मुंबई,एजेंसी**। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे 12 जून को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पटना में बुलाई गई विपक्षी दलों की अहम बैठक में हिस्सा लेंगे. ठाकरे की पार्टी के नेता संजय राउत ने बुधवार को यह जानकारी दी. कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबले के लिए विपक्षी दलों को एकजुट करने की मुहिम के तहत देश में विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं. राउत ने यहां पत्रकारों से कहा कि सभी समान विचारधारा वाली पार्टियां एक साथ आ रही हैं और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसकी अगुवाई कर रहे हैं. उद्धव ठाकरे पटना में इस बैठक में हिस्सा लेंगे.

## पन्ना बाघ अभयारण्य में दो बाघ शावकों का जन्म

**पन्ना,एजेंसी**। मध्य प्रदेश के पन्ना बाघ अभयारण्य में एक बाघिन ने दो शावकों को जन्म दिया है. यह जानकारी एक अधिकारी ने बुधवार को दी. पन्ना बाघ अभयारण्य के क्षेत्र संचालक बृजेंद्र झा ने बताया कि बाघिन पी–234 को हाल ही में अभयारण्य के अकोला बफर क्षेत्र में दो बाघ शावकों के साथ देखा गया है. उन्होंने कहा कि शावक करीब चार महीने के हैं और स्वस्थ हैं. झा ने बताया कि मई के पहले सप्ताह में एक अन्य बाघिन पी–234 (23) को भी अपने दो शावकों के साथ देखा गया था.

# श्रृंगार गौरी पूजा अधिकार को लेकर मसाजिद कमेटी की याचिका खारिज



**प्रयागराज , एजेंसी।** वाराणसी, ज्ञानवापी स्थित श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा अधिकार मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया कमेटी की याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी वाराणसी की तरफ से दाखिल पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दिया है। सिविल वाद की पोषणीयता पर याची की आपत्ति अस्वीकार कर दी है।

राखी सिंह व नौ अन्य महिलाओं ने पूजा के अधिकार को लेकर वाराणसी की जिला अदालत में सिविल वाद दायर किया। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी वाराणसी ने वाद की पोषणीयता पर आपत्ति करते हुए अर्जी दाखिल की कि कोर्ट को प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991के उपबंधो के तहत अदालत को वाद सुनने का अधिकार नहीं है। अदालत ने कमेटी की अर्जी खारिज कर दी ।जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

तर्क था कि उपासना स्थल अधिनियम से नियमित पूजा प्रतिबंधित है। क्यों कि पूजा से स्थल की धार्मिक प्रकृति से छेड़छाड़ होगी।जो कानूनन नहीं किया जा सकता।इसलिए यहां नियमित पूजा की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। मर्यादा कानून के आधार पर सिविल वाद को मियाद बाधित करार दिया। कहा कि चालाकी से पूजा के अधिकार की मांग में दाखिल सिविल वाद से विपक्षी के अधिकारों में हस्तक्षेप करने की कोशिश की गई है। जिससे 1991के कानून का उल्लघंन होगा। इसलिए जिला अदालत में श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा केलिए दाखिल वाद सुनवाई योग्य नहीं है।,मंदिर पक्ष यह स्पष्ट नहीं कर पाया है कि पूजा 1990 में रोकी गई या 1993 में, अगर इन दोनों ही तिथियों में नियमित पूजा रोकी गई तो यह लिमिटेशन एक्ट से प्रतिबंधित है। सिविल वाद उपासना स्थल अधिनियम से भी प्रतिबंधित है। क्योंकि, 15 अगस्त 1947 से ज्ञानवापी मस्जिद का वही स्टेट्स बरकरार रहना चाहिए। स्थल की धार्मिक स्थिति में बदलाव नहीं किया जा सकता। यह विवाद काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट अधिनियम के अंतर्गत नहीं आता है। क्योंकि मस्जिद वक्फ बोर्ड की संपत्ति है।और बोर्ड की संपत्ति के विवाद की सुनवाई वक्फ अधिकरण को करने का अधिकार है।सिविल कोर्ट को अधिकार नहीं है। मंदिर पक्ष की तरफ से जैन ने पौराणिक साक्ष्यों एवं 15 अगस्त 1947के पहले से श्रृंगार गौरी, हनुमान व कृति वासेश्वर की पूजा होती आ रही है। इसलिए,1991का प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट इस मामले में लागू नहीं होगा। इनका कहना था कि मंदिर में मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा होने के बाद उस जमीन का स्वामित्व मूर्ति में निहित हो जाता है। हिन्दू विधि में मंदिर ध्वस्त होने के बाद भी अप्रत्यक्ष मूर्ति का अस्तित्व बना रहता है। उन्होंने कहा औरंगजेब ने स्वयं भू विश्वेश्वर नाथ मंदिर तोड़ा और मंदिर की दीवार पर मस्जिद का आकार दिया गया है।इस्लामिक कानून के तहत इसे मस्जिद नहीं माना जा सकता। विवादित स्थल पर नमाज कबूल नहीं होती। जैन ने 1937के दीन मोहम्मद केस का हवाला देते हुए कहा कि इस केस में केवल वादी को नमाज पढ़ने की अनुमति दी गई है। मुस्लिम समाज को नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां आज तीन गुंबद है वहीं पर श्रृंगार गौरी, हनुमान व कृतिवास मंदिर था।एक नक्शा भी पेश किया तथा कहा कि किसी इस्लामिक इतिहासकार ने ज्ञानवापी मस्जिद का जिक्र नहीं किया है।यह साफ हो गया है कि आलमगीर मस्जिद विवादित स्थल से तीन किलोमीटर दूरी पर स्थित है।उस काल में कई मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनाई गई।जैन ने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर एक्ट पहले का है। समवर्ती सूची के कारण प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट पर प्रभावी होगा।इस कानून के तहत ज्ञानवापी परिसर की भूमि विश्वनाथ मंदिर की है। मस्जिद का किसी भूमि पर स्वामित्व नहीं है। मंदिर की संपत्ति या हिंदू मुस्लिम का विवाद वक्फ अधिकरण को सुनने का अधिकार नहीं है।वह मुस्लिमो के बीच विवाद ही सुन सकता है। स्कंद पुराण के आधार पर कहा कि पंचकोसी परिक्रमा मार्ग में आने वाले मंदिरों का उल्लेख किया गया है। उनमें से कुछ पर मस्जिद बनी हुई है। ज्ञानवापी कूप में स्नान कर श्रृंगार गौरी के पूजन का विधान है।विवादित ढांचे की तस्वीर पेश कर कहा कि साफ दिखाई दे रहा है कि मंदिर तोड़कर मस्जिद का आकार दिया गया है। परिक्रमा मार्ग में 11मंदिरो का उल्लेख है।सबकी अलग पूजा पद्धति दी गई है। राज्य सरकार ने आदेश 10नियम 11की अर्जी खारिज होने कर कुछ भी कहने को आवश्यक नहीं माना। हालांकि कोर्ट ने जानना चाहा था कि 1993मे पूजा किसके आदेश व किस कारण रोकी गई। तीन महीने की लंबी बहस के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था । बुधवार को याचिका खारिज कर दी है।

## हांसी में नेशनल हाईवे पर ट्रक से क्रूजर की हुई टक्कर, 5 युवकों की मौत, महिला गंभीर

**हांसी,एजेंसी**। हांसी में दिल्ली रोड पर ट्रक और क्रूजर गाड़ी की टक्कर होने से बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में 5 लोगो की मौत हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल है। घायल महिला को गंभीर हालत में हांसी के नागरिक अस्पताल में लाया गया।

मृतकों में तीन लोगों की पहचान संदीप, प्रवीण और प्रदीप के रूप में हुई है जोकि पास के खरकड़ा गांव के रहने वाले हैं। डॉक्टरों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हिसार रेफर कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार क्रूजर गांव खरकड़ा से चली थी और वहां से सवारियों के तौर पर बाकी लोग क्रूजर में बैठ गए जैसे ही क्रूजर गाड़ी नेशनल हाईवे पर गांव अलीपुरा के पास पहुंची तो हाईवे पर खड़े एक ट्रक से क्रूजर गाड़ी की टक्कर हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।

## रूस ने मास्को पर ड्रोन हमलों के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस ने मंगलवार सुबह मॉस्को पर ड्रोन हमले के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया है, जिसमें कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, कीव शासन ने मॉस्को शहर में लक्ष्य पर मानव रहित हवाई वाहनों के साथ आतंकवादी हमला किया।

छापे में आठ विमान–प्रकार के यूएवी शामिल थे, जिनमें से सभी हिट हो गए थे। बयान में कहा गया है कि तीन ड्रोन, जिन्हें इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपायों से दबा दिया गया था, वे नियंत्रण से बाहर हो गए और अपने इच्छित लक्ष्य से भटक गए।

एमओडी के अनुसार, शेष पांच ड्रोनों को मॉस्को के बाहर काम कर रहे पैंटिर–एस वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराया गया।

आरटी के मुताबिक, हमले की सूचना सबसे पहले शहर के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने दी थी, जिन्होंने मंगलवार सुबह कहा था कि ड्रोन हमले के परिणामस्वरूप रूसी राजधानी में कई इमारतों को मामूली नुकसान पहुंचा है, क्षेत्र के निवासियों को अस्थायी रूप से सुरक्षित जगह भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई, केवल दो लोगों ने चिकित्सा सहायता मांगी।डेली मेल की खबर के मुताबिक, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा कीव पर फिर से हमले शुरू करवाए जाने के कुछ ही घंटे बाद मंगलवार सुबह मॉस्को पर यूक्रेन के संदिग्ध कामीकेज ड्रोन से हमला किया गया।मास्को के समृद्ध उपनगरों में कई इमारतों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिसमें राजधानी के दक्षिण–पश्चिम में रूबलोवका का कुलीन जिला भी शामिल है।डेली मेल के मुताबिक, एक ड्रोन ने उसोवो गांव के पास विस्फोट किया, जो पुतिन के आधिकारिक आवास नोवो–ओगारियोवो के पास है।

## भारत में कोविड–19 के 310 नए मामले आए, तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली,एजेंसी**। भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड–19 के 310 नए मामले आए है जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 4,222 हो गई है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बुधवार को सुबह आठ बजे अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से तीन मरीजों की मृत्यु होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,31,870 हो गई है. इनमें केरल से वह मामला भी है जिसे संक्रमण से मौत की पुष्टि के बाद आंकड़ों में शामिल किया गया है. संक्रमितों की संख्या 4.49 करोड़ (4,49,90,588) है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल संक्रमितों का 0.01 प्रतिशत है जबकि कोविड–19 से उबरने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत दर्ज की गई है.बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर 4,44,54,496 हो गई है जबकि मृतक संख्या 1.18 प्रतिशत दर्ज की गई है.

# विपक्ष ठीक से एकजुट हो तो भाजपा को हराया जा सकता है

**राहुल गांधी बोले**

**सांता क्लारा (अमेरिका),** एजेंसी। आगामी आम चुनाव में विपक्षी एकजुटता के महत्व को रेखांकित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रवासी भारतीयों की एक सभा को संबोधित करते हुए यहां कहा कि यदि विपक्ष ठीक से एकजुट हो जाए तो केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराया जा सकता है. राहुल गांधी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत का हवाला देते हुए कहा कि उनकी पार्टी इस संबंध में काम कर रही है और इस पर सही दिशा में आगे बढ़ रही है. सांताक्रूज में मंगलवार को कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के सिलिकान वैली कैंपस में एक कार्यक्रम में संचालक और दर्शकों के सवालों का जवाब देते हुए गांधी ने कहा कि भाजपा की कमजोरियां उन्हें साफ नजर आती हैं.

उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक उद्यमी के रूप में, मैं स्पष्ट रूप से भाजपा की कमजोरियां को देख सकता हूं. अगर विपक्ष ठीक से गठबंधन करता है तो भाजपा को हराया जा सकता है. गांधी ने कहा कि अगर आप कर्नाटक चुनाव देखें तो सामान्य समझ यह है कि कांग्रेस पार्टी ने भाजपा को टक्कर दी और उसे हराया. लेकिन जो बात अच्छी तरह से नहीं समझी गयी वह, वो तरीका है जिनका हमने इस्तेमाल किया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से अलग दृष्टिकोण अपनाया, कर्नाटक में जीत की नींव भारत जोड़ो यात्रा के जरिए रखी गई. कर्नाटक की 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए 10 मई को हुए चुनाव में, कांग्रेस ने 135 सीट जीती थीं, जबकि भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) ने क्रमशः 66 और 19 सीट पर जीत हासिल की थी. राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के मुकाबले 10 गुना ज्यादा धन खर्च किया था. उन्होंने कहा कि देश को 2024 के आम चुनाव में एकजुट विपक्ष के अलावा, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए एक वैकल्पिक दृष्टिकोण की भी जरूरत है.

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, जहां तक विपक्षी एकता की बात है, हम इस दिशा में काम कर रहे हैं और यह सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन मुझे लगता है कि भाजपा को हराने के लिए विपक्षी एकता से कहीं ज्यादा की जरूरत है. मेरी राय में सिर्फ विपक्ष की एकता काम करने के लिए काफी नहीं होगी. मुझे लगता है कि आपको भाजपा के लिए एक वैकल्पिक दृष्टिकोण की जरूरत है. उन्होंने कहा, भारत जोड़ो यात्रा इस तरह का दृष्टिकोण बनाने की दिशा में पहला कदम था. यह वह दृष्टिकोण है जिससे सभी विपक्षी दल जुड़े हैं. कोई भी विपक्षी दल भारत जोड़ो यात्रा के विचार से असहमत नहीं होगा. भारत जोड़ो यात्रा, भारत को एकजुट करने के मकसद से गांधी के नेतृत्व में चलाया गया जन आंदोलन था. यात्रा सात सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से शुरू होकर 12 राज्यों से होते हुए 31 जनवरी 2023 को जम्मू–कश्मीर में समाप्त हुई. उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि विपक्ष को एक साथ लाना महत्वपूर्ण है, लेकिन विपक्ष को साथ लाना और भारत के लोगों को यह समझाना भी जरूरी है कि विपक्षी दलों का यह सिर्फ एक समूह नहीं है, बल्कि देश को आगे बढ़ाने का एक प्रस्तावित तरीका है और हम उन चीजों पर काम कर रहे हैं. एक सवाल के जवाब में केरल के वायनाड के पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष करेंगे. अपने संबोधन में गांधी ने भारत में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोगों को धमकाने तथा देश की एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप भी लगाया.

## पश्चिम बंगाल में एक कारखाने में पिघला हुआ लोहा गिरने से 2 लोगों की मौत

**दुर्गापुर/बांकुड़ा,एजेंसी** । पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में एक कारखाने में पिघला हुआ लोहा गिरने से बुधवार को दो मजदूरों की मौत हो गयी जबकि छह अन्य गंभीर रूप से झुलस गये. अधिकारियों ने यह जानकारी दी.

अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा मंगलवार की सुबह लगभग नौ बजे बडज़ोरा के घुटगरिया में स्थित एक कारखाने में हुआ जिसमें 17 लोग झुलस गए. उन्होंने बताया कि आठ लोगों को दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान बुधवार तड़के दो लोगों की मौत हो गई.

# ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल ने वायु सेना की सटीक मारक क्षमता बढ़ाई: एयर चीफ

**नई दिल्ली,एजेंसी** । वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने माना कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल ने भारतीय वायु सेना की मारक क्षमता बढ़ा कर किसी भी संघर्ष में देश की रक्षा करने के लिए मजबूत किया है। वायु सेना प्रमुख ने सुखोई एसयू–30 लड़ाकू विमानों को ब्रह्मोस मिसाइल से लैस किये जाने की सराहना करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस मिसाइलों के छोटे संस्करण अन्य लड़ाकू विमानों में लगाने के लिए विकसित किए जा रहे हैं।

एयर चीफ मार्शल चौधरी बुधवार को नई दिल्ली में ब्रह्मोस यूजर मीट 2023 के रजत जयंती समारोह के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास भारतीय वायु सेना की लगभग सभी स्क्वाड्रन में ब्रह्मोस से लैस विमान हैं। तीन साल पहले उत्तरी सीमा पर चीन के साथ गतिरोध होने पर हमने महसूस किया कि भूमि हमलों के लिए शक्तिशाली हथियार ब्रह्मोस का बहुत प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है। भविष्य में अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस मिसाइलों के छोटे संस्करण विकसित किए जा रहे हैं, जिन्हें मिग–29, मिराज–2000 और एलसीए जैसे छोटे प्लेटफार्मों पर लगाया जा सकता है।

आईएएफ प्रमुख ने कहा कि ब्रह्मोस और सुखोई–30 का गठजोड़ वायु सेना को शक्तिशाली बनाता है। लड़ाकू विमान सुखोई–30 पर ब्रह्मोस के संयोजन ने वास्तव में हमें जबरदस्त क्षमता दी है, जिससे हमारी मारक क्षमता बढ़ी है। हमारी सबसे घातक वायु–लड़ाकू संपत्ति में से एक के रूप में ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल ने वास्तव में उस तरीके को प्रेरित किया है, जिससे हम आने वाले वर्षों में खुद को सटीक मारक क्षमता से लैस करेंगे। दुनिया भर में हो रहे संघर्षों को देखते हुए सटीकता और लंबी दूरी की मारक क्षमता के महत्व को रेखांकित नहीं किया जा सकता है। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल और सुखोई–30 के एयर लॉन्च संस्करण का संयोजन आने वाले वर्षों में भारतीय वायुसेना की मारक क्षमता का केंद्र होगा। हमें इसे (ब्रह्मोस) एक रणनीतिक हथियार के रूप में देखने की आवश्यकता है। हम हमेशा आकस्मिकताओं के लिए तैयारी कर रहे हैं। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल ने भारतीय वायु सेना के प्रतिरोध मूल्य को कई गुना बढ़ा दिया है। उन्होंने अधिक घातकता के साथ कम खर्चीले लंबी दूरी के हथियार विकसित करने में सक्षम होने के लिए ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

## फुलवारी शरीफ आतंक मामले में देश में 25 स्थानों पर एनआईए के छापे

**नई दिल्ली,एजेंसी** । प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े फुलवारी शरीफ मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कर्नाटक, केरल और बिहार में 25 से अधिक स्थानों पर छापेमारी शुरू की है। एनआईए ने अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

छापेमारी के दौरान, सूत्रों ने दावा किया कि उन्होंने कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं।

एक सूत्र ने कहा, हम फंडिंग एंगल की जांच कर रहे हैं। इन क्षेत्रों से फंडिंग की जा रही थी जहां हम छापेमारी कर रहे हैं।

कर्नाटक में दक्षिण कन्नड़ इलाके में छापे मारे जा रहे हैं।

यह मामला शुरू में 12 जुलाई 2022 को बिहार की राजधानी पटना के फुलवारी शरीफ थाने में दर्ज किया गया था। एनआईए ने 22 जुलाई 2022 को फिर से मामला दर्ज किया था। एनआईए ने 7 जनवरी 2023 को चार आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था।

एनआईए ने कहा था, जांच से पता चला है कि अनवर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सिमी का पूर्व सदस्य है और वर्तमान में बिहार और उत्तर प्रदेश के कई पीएफआई सदस्यों से जुड़ा हुआ है, जिसमें एक अतहर परवेज भी शामिल है, जिसे प्राथमिकी में नामित किया गया था और पिछले साल 12 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।

## ब्लड–टेस्टिंग के धोखाधड़ी मामले में अमेरिकी महिला ने 11 साल की जेल की सजा के लिए किया रिपोर्ट

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** ब्लड–टेस्टिंग डिवाइस स्टार्टअप थेरानोस की संस्थापक एलिजाबेथ होम्स को धोखाधड़ी के मामले में 11 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। वह सजा के लिए अमेरिका के टेक्सास राज्य के ब्रायन में एक संघीय जेल में उपस्थित हुईं। जनवरी 2022 में एक जूरी द्वारा 39 वर्षीय एलिजाबेथ होम्स को धोखाधड़ी और साजिश के चार मामलों में दोषी ठहराया गया था और एक साल से ज्यादा समय बाद महिला जेल में आई है। उसे नवंबर में 135 महीने जेल की सजा सुनाई गई थी।

होम्स के दो छोटे बच्चें, जिसमें एक बेटा, जिसका जन्म जुलाई 2021 में हुआ व तीन महीने की बेटी है।

एलिजाबेथ होम्स ने 19 साल की उम्र में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से पढ़ाई पूरी कर 2003 में थेरानोस की स्थापना की। इसमें उसकी मदद उस वक्त के उसके बॉयफ्रेंड रमेश सनी बलवानी ने की थी। वह थेरानोस का चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर था। इसको लेकर होम्स ने दावा किया था कि स्टार्टअप का प्रोपरायटरी ब्लड एनालाइजर डिवाइस आमतौर पर आवश्यक लैब की तुलना में तेजी से, सस्ता और अधिक सटीक टेस्ट करने में सक्षम है। मशीन की मदद से उंगली से खून लेकर सारे परीक्षण किए जा सकते हैं।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, उसने कुछ प्रभावशाली लोगों को अपने बोर्ड में शामिल होने के लिए राजी किया।

# साहिल ने पूरी योजना बनाकर की थी हत्या, हरिद्वार से खरीदकर लाया था चाकू

**नईदिल्ली,एजेंसी** । दिल्ली में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की हत्या का आरोपी साहिल पुलिस हिरासत में है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली पुलिस आरोपी की मनोस्थिति समझने के लिए उसका मनोविश्लेषण टेस्ट करवा सकती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये टेस्ट करीब 3 घंटे तक चल सकता है और इससे पुलिस को हत्यारे की मानसिक स्थिति को समझने में मदद मिलेगी। इस टेस्ट के दौरान साहिल से उसके परिवार, दोस्तों और उनकी दिनचर्या के बारे में सवाल पूछे जाएंगे।

28 मई की शाम को रोहिणी के शाहबाद डेयरी इलाके में साहिल ने 16 साल की साक्षी की सरेआम हत्या कर दी थी। उसे 16 बार चाकू मारा गया था और आरोपी ने 5 बार उसके सिर पर पत्थर से भी वार किया था। घटना के समय साक्षी अपने दोस्त के बेटे की जन्मदिन पार्टी में जा रही थी, तभी साहिल ने उसे अकेला पाकर उस पर हमला कर दिया। ये पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।



दिल्ली पुलिस को दिये बयान में आरोपी साहिल ने बताया था कि साक्षी उससे ब्रेकअप करना चाहती थी और गुस्से में आकर उसने इस हत्या को अंजाम दिया। पुलिस को प्राथमिक जांच में पता चला है कि आरोपी ने इस हत्या की पूरी योजना बनाई थी और लगभग 15 दिन पहले उसने हरिद्वार से हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू खरीदा था। इससे पता चलता है कि आरोपी ने आवेश में नहीं, बल्कि पूरी योजना से हत्या की है।

पुलिस के मुताबिक, साक्षी की हत्या करने के बाद साहिल तकरीबन आधे घंटे तक शाहबाद डेयरी इलाके में ही मौजूद था। वह कुछ देर तक एक पार्क में बैठा रहा और उसके पास वह चाकू भी था, जिसका उसने हत्या में इस्तेमाल किया था। इसके बाद साहिल रिठाला चला गया, जहां उसने चाकू छुपा दिया और फिर अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया। हालांकि, पुलिस को अभी तक हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू नहीं मिला है।

पुलिस ने बताया कि साक्षी के परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हत्यारे साहिल की पहचान की। इस बीच साहिल अपनी बुआ के घर बुलंदशहर चला गया था। बुलंदशहर पहुंचने के लिए उसने 2 बसें बदली थीं और उसकी बुआ ने फोन कर उसके पहुंचने की सूचना उसके पिता को दी थी। पुलिस को सर्विलांस की मदद से उसकी लोकेशन पता चली।

## पहले पति से तलाक के बिना दूसरे पति से भरण पोषण का अधिकार नहीं

**इंदौर,एजेंसी** । मप्र हाई कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के भरण पोषण देने के आदेश को यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि पहले पति से तलाक लिए बिना दूसरी शादी अवैध है।

ऐसे में दूसरे पति से महिला को किसी तरह कीराहत पाने का अधिकार नहीं है। मामले मतें तथ्य है कि याचिकाकर्ता ने अगस्त 2017 में जिस महिला से सामूहिक विवाह समारोह में शादी की थी, वह पहले से शादीशुदा थी। बाद में महिला ने उसे छोड़ कर चली गई और फैमिली कोर्ट में भरण–पोषण का प्रकरण लगा दिया। इस फेमिली कोर्ट ने दस हजार रुपए महीने भरण–पोषण देने का आदेश पारित किया।

# एक और सीजन खेलने की कोशिश करूंगा

## –धोनी ने आईपीएल से संन्यास की खबरों पर लगाया ब्रेक



नई दिल्ली, इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल में गुजरात टाइटन्स पर मिली पांच विकेट की जीत के बाद, चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्य) के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा कि यह उनके लिए खेल से संन्यास लेने का एक सही समय है, लेकिन वह पूरे भारत में प्रशंसकों द्वारा उन्हें दिखाए गए प्यार और स्नेह के बाद एक और सीजन् खेलेंगे। धोनी ने कहा कि भले ही यह मुश्किल काम है, लेकिन वह कड़ी मेहनत करेंगे और अगले सीजन् की तैयारी करेंगे।

डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड़ की अर्धशतकतीय साझेदारी और शिवम दूबे, रवींद्र जडेजा की बेहतरीन पारियों की बदौलत सीएसके ने गुजरात टाइटन्स (जीटी) को सोमवार को अहमदाबाद में पांच विकेट से हराकर अपना पांचवां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीता।

धोनी ने मैच के बाद कहा, यदि आप परिस्थितिजन्य रूप से देखते हैं तो यह सेवानिवृत्ति की घोषणा करने का सबसे अच्छा समय है। मेरे लिए आपको धन्यवाद देना और संन्यास लेना आसान है। लेकिन मुश्किल काम नौ महीने तक कड़ी मेहनत करना और एक और आईपीएल सीजन खेलने की कोशिश करना है। शरीर को थामना पड़ता है। लेकिन सीएसके के प्रशंसकों से मुझे जितना प्यार मिला है, यह उनके लिए एक और सीजन खेलने के लिए एक उपहार होगा। जिस तरह से उन्होंने अपना प्यार और भावना दिखाई है, यह कुछ ऐसा है जिसकी मुझे जरूरत है।

उन्होंने कहा, यह मेरे करियर का आखिरी हिस्सा है। यह यहां से शुरू हुआ और पूरा घर मेरे नाम का जाप कर रहा था। चेन्नई में भी मेरी यही बात थी, लेकिन यह अच्छा होगा कि मैं वापस आऊं और जो कुछ भी मेरे में बचा है, मैं खेल सकूं। जिस तरह का क्रिकेट मैं खेलता हूं, उन्हें लगता है कि मैं अभी और क्रिकेट खेल सकता हूं। इसमें कुछ भी रूढ़िवादी नहीं है और मैं इसे सरल रखना पसंद करता हूं।

उन्होंने कहा,मुझे लगता है कि आप जो भी ट्रॉफी या द्विपक्षीय श्रृंखला जीतते हैं, उसकी अपनी चुनौतियाँ होती हैं। जब संकट की बात आती है, तो आपको अपने खिलाडि़यों को तैयार रखने की आवश्यकता होती है। प्रत्येक व्यक्ति जिस दबाव से निपट सकता है, वह अलग होता है। हमने ऐसा करने की कोशिश की। अजिंक्य [रहाणे] अनुभवी हैं, लेकिन अगर युवा भ्रमित हैं तो हम उनके साथ चैट करते हैं। रायुडू के बारे में खास बात यह है कि अगर वह मैदान पर हैं तो वह हमेशा अपना 100 प्रतिशत देते हैं। हम भारत ए के लिए एक साथ खेले झ्र उन्होंने स्पिन और तेज गेंदबाजों को समान रूप से और अच्छी तरह से खेला है। मुझे लगा कि वह हमेशा कुछ खास करेगा। वह भी मेरे जैसा है जो फोन का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करता है।

धोनी ने आईपीएल 2023 में 12 पारियों में 104 रन बनाए हैं। उन्होंने 26 की औसत से 182 से ऊपर की स्ट्राइक रेट के साथ ये रन बनाए हैं। इस सीजन में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 32 है।मैच की बात करें तो बारिश से बाधित इस मुकाबले में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऋद्धिमान साहा (54) और साई सुदर्शन (96) के बहेतरीन अर्धशतकों व शुभमन गिल (39) और कप्तान हार्दिक पांड्या (21) की तेज पारियों की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट पर 214 रन बनाए।इसके बाद सीएसके को डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 15 ओवर में 171 रन का लक्ष्य मिला, जिसे सीएसके ने डेवोन कॉनवे (47), रुतुराज गायकवाड़ (26), शिवम दुबे (नाबाद 32), अजिंक्या रहाणे (27) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 15) की महत्वपूर्ण पारियों की बदौलत 15 ओवर में हासिल कर लिया।

# अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए दिमुथ करुणारत्ने की श्रीलंकाई टीम में वापसी



कोलंबो,अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला के लिए पूर्व कप्तान दिमुथ करुणारत्ने की श्रीलंकाई टीम में वापसी हुई है। करुणारत्ने, जिन्होंने 2019 में पिछले एकदिवसीय विश्व कप में श्रीलंका का नेतृत्व किया था, दो वर्षों में इस प्रारूप में नहीं खेले हैं, उनकी सबसे हालिया उपस्थिति मार्च 2021 में आई है।

उनका टीम में शामिल होना इंगित करता है कि वह आगामी विश्व कप के लिए श्रीलंका की योजनाओं में शामिल हो सकते हैं। तेज गेंदबाज दुशमंथा चमीरा, जो लंबे समय तक चोटिल रहे और 2023 में श्रीलंका के लिए नहीं खेले, ने भी 16 सदस्यीय टीम में वापसी की है। दुशान हेमंथा टीम में एकमात्र नया चेहरा हैं, 29 वर्षीय अनकैप्ड खिलाड़ी हेमंथा को हाल ही में लिस्ट ए क्रिकेट में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद टीम में जगह मिली है। इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड में खेलने वाली टीम से नुवानिडु फर्नांडो, साहन अराचेज, डुनिथ वेलालेज, प्रमोद मदुशन और दिलशान मदुशंका को बाहर कर दिया गया है।

एसएलसी ने पुष्टि की कि कुसल परेरा को न्यूजीलैंड में हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद टीम में शामिल नहीं किया गया है। वानिन्दु हसरंगा फिलहाल पैर की चोट के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और पूरी तरह फिट होने पर ही सीरीज खेलेंगे। तीन मैचों की छोटी श्रृंखला हंबनटोटा में 2 जून से शुरू होगी।

श्रीलंकाई टीम इस प्रकार हैः दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, दिमुथ करुणारत्ने, कुसाल मेंडिस (विकेटकीपर), एंजेलो मैथ्यूज, चरिथ असलंका, धनंजया डी सिल्वा, सदीरा समरविक्रमा (विकेटकीपर), चामिका करुणारत्ने, दुशान हेमंथा, वानिंदु हसरंगा, लहिरु कुमारा, दुशमंता चमीरा , कसुन राजिथा, मथीशा पथिराना, महेश तीक्षणा।

# इंग्लैंड की हवा में खूब लहराई शाहीन अफरीदी की गेंद



नई दिल्ली, पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने अपनी बॉलिंग से इंग्लैंड की धरती पर बवाल काट दिया है। विटैलिटी टी–20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में अफरीदी अपनी लहराती हुई गेदों से छा गए हैं। शाहीन इस टूर्नामेंट में नॉटिंघमशायर की तरफ से खेल रहे हैं। अफरीदी का यॉर्कशायर के खिलाफ फेंका गया एक ओवर का स्पेल जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें शाहीन की स्विंग लेती गेंदें बल्लेबाज का बुरा हाल कर रही हैं।

**शाहीन अफरीदी ने बरपाया कहर**

दरअसल, टी–20 ब्लास्ट ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें शाहीन अफरीदी अपनी लहराती हुई गेंदों से कहर बरपाते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में शाहीन द्वारा फेंकी गई हर गेंद बेहतरीन स्विंग लेती हुई दिखाई दे रही है, जिसका बल्लेबाज के पास कोई जवाब नहीं है। सोशल मीडिया पर शाहीन का एक ओवर का यह स्पेल तेजी से वायरल हो रहा है।

**मलान—लियथ को नहीं लगी हवा**

शाहीन अफरीदी की लहराती हुई गेंदों का सामना कर रहे डेविड मलान और एडम लियथ वीडियो में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज की इस तरह की स्विंग देखकर हैरान और परेशान नजर आ रहे हैं। अफरीदी के इस ओवर में बेहद मुश्किल से दोनों बल्लेबाज मिलकर सिर्फ एक ही रन बना पाते हैं। शाहीन की स्विंग लेती गेंदों पर मलान और लियथ के लिए अपना विकेट बचाना मुश्किल दिखाई दे रहे है।

**यॉर्कशायर के हाथ लगी जीत**

हालांकि, शाहीन अफरीदी की बेहतरीन गेंदबाजी के बावजूद नॉटिंघमशायर को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए यॉर्कशायर की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 182 रन लगाए। नॉटिंघमशायर इस लक्ष्य से आठ रन दूर रह गई और टीम 20 ओवर में 4 विकेट गंवाने के बाद 174 रन ही बना सकी।

# एफसी गोवा ने पहली टीम के सात खिलाडि़यों को रिलीज किया



नई दिल्ली, । एफसी गोवा ने पहली टीम के सात खिलाडि़यों– अनवर अली, रिडीम त्लांग, माकन चोथे, हर्नान सैन्टाना, मार्क वैलियंटे, लेनी रोड्रिग्स और नोंगडंबा नोरेम को रिलीज कर दिया है। इन सभी का क्लब के साथ अनुबंध आज समाप्त हो रहा है।

एफसी गोवा ने एक ट्वीट में कहा, वन्स ए गौर, ऑलवेज ए गौर! हमारे इन खिलाडि़यों को उनके अगले अध्याय के लिए शुभकामनाएं।

जनवरी 2022 में गोवा शामिल होने वाले अपने 18 महीने के ऋण सौदे के पूरा होने के बाद अली दिल्ली एफसी में लौट आए हैं। सेंटर–बैक अली ने हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के उन सभी 30 मैचों में हिस्सा लिया, जो गोवा ने तब से दो सत्रों में खेले हैं।

चोथे और त्लांग दोनों ने आईएसएल, डुरंड कप और सुपर कप में एफसी गोवा के लिए लगभग 40 मैच खेले। यह जोड़ी 2021 में एएफसी चैंपियंस लीग में खेलने वाली टीम का भी हिस्सा थी।

वैलियंटे पिछली गर्मियों में एफसी गोवा में शामिल हुए थे, लेकिन 2022–23 सीजन् के बीच में चोट लगने के कारण वह टीम के लिए ज्यादा नहीं खेल सके। सैन्टाना, जिन्हें गोवा ने वैलियंटे की जगह लिया था, तब से क्लब के लिए सात मैचों में हिस्सा लिया।रोड्रिग्स ने दूसरी बार गौर को अलविदा कहा, इस साल जनवरी में टीम में शामिल होने से पहले 2018 और 2021 के बीच रोड्रिग्स पहली बार गोवा के लिए खेले थे। उन्होंने गोअन संगठन के लिए कुल मिलाकर 60 मैच खेले और क्रमशः 2019 व 2020 में उनके साथ हीरो सुपर कप और हीरो आईएसएल लीग विनर्स शील्ड जीता।एक अन्य फुटबॉलर नोरेम ने अगस्त 2021 में इंडियन एरोज, केरला ब्लास्टर्स एफसी और एटीके मोहन बागान के साथ खेलने के बाद गोवा के साथ करार किया। उन्होंने आईएसएल के 2021–22 सीजन में गोवा के लिए 12 मैच खेले।

## फिल्मी सफर

# प्रभास की आदिपुरुष का दूसरा गाना राम सिया राम जारी, 16 जून को रिलीज होगी फिल्म



भगवान राम और माता सीता के अद्भुत प्रेम से सजी आदिपुरुष अगले महीने रिलीज होने के लिए तैयार है। प्रभास और कृति सेनन के अभिनय से सजी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। वहीं, मेकर्स अब एक के बाद एक सॉन्स भी रिलीज किए जा रहे हैं।

हाल ही में फिल्म के दूसरे गाने राम सिया राम की छोटी सी झलक दिखाई थी। अब पूरा गाना रिलीज कर दिया गया है। सॉन्ग में राघव बने प्रभास और जानकी बनीं कृति की इमोशनल लव स्टोरी दिखाई गई है। यह गाना दोनों के मिलने से बिछडने़ और फिर से मिलने तक की पूरी कहानी को दिखाता है। सॉन्ग को हिंदी सहित पांच भाषाओं में रिलीज किया गया है।

फैंस को आदिपुरुष का राम सिया राम सॉन्ग काफी पसंद आया है। फिल्म का पहला गाना जय श्री राम करीब आठ दिन पहले रिलीज किया गया था। अब दूसरा गाना सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को देखने की एक्साइटमेंट बढ़ गई है। किसी ने फिल्म को अभी से ब्लॉकबस्टर बता दिया, तो किसी ने प्रभास के एक्सप्रेशन्स की तारीफ की है।

सॉन्ग को सचेत–परंपरा की जोड़ी ने म्यूजिक दिया है, जबकि मनोज शुक्ला ने गाने के लिरिक्स लिखे हैं। यह गाना हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया गया है।

आदिपुरष फिल्म 16 जून को रिलीज हो रही है। फिल्म में प्रभास और कृति के अलावा सैफ अली खान और देवदत्त नागे का अभिनय भी देखने को मिलेगा। सैफ को दर्शक लंकेश का किरदार निभाते हुए देखेंगे। वहीं, देवदत नागे, भगवान हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे।बता दें कि यह फिल्म इस साल जनवरी में रिलीज होने वाली थी। मगर खराब वीएफएक्स और सैफ अली खान के लुक को लेकर सोशल मीडिया पर काफी हल्ला मच गया था। इसको देखते हुए मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट जून तक के लिए टाल दी। कुछ बदलाव के बाद फिल्म को 16 जून को रिलीज किया जा रहा है।

## रवि तेजा की टाइगर नागेश्वर राव का फर्स्ट लुक जारी, खूंखार अंदाज में आ रहे नजर

रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज किया गया है। फर्स्ट–लुक मोशन टीजर के हिंदी वर्जन को एक्शन स्टार जॉन अब्राहम ने डब किया है।

रवि तेजा ने टीजर को अपने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, नाम– नागेश्वर राव। गांव– स्टुअर्टपुरम! आप सभी का मेरे क्षेत्र में स्वागत है, द टाइगर जोन। यहां देखिए हैशटैग टाइगरनागेश्वर राव का फर्स्ट लुक। इस 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में मिलते हैं।

निर्माताओं ने फर्स्ट–लुक पोस्टर भी जारी किया। रवि तेजा घनी दाढ़ी के साथ टाइगर की तरह रोर करते दिख रहे हैं।

वामसी के डायरेक्शन में बनी पीरियड फिल्म कुख्यात चोर टाइगर नागेश्वर राव के जीवन पर आधारित है। आने वाले ड्रामा को 70 के दशक में सेट किया गया है।

# देवरा बनकर थियेटर पर हंगामा मचाएंगे जूनियर एनटीआर



आरआरआर फेम टॉलीवुड सुपरस्टार जूनियर एनटीआर (जूनियर एनटीआर) की आने वाली मूवी का दर्शक बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे है। जूनियर एनटीआर अपनी अगली मूवी निर्देशक कोरताला शिवा के साथ लेकर आने जा रहे है, निर्देशक कोरताला शिवा और जूनियर एनटीआर की आने वाली मूवी एनटीआर 30 को लेकर इन दिनों बहुत बज है। दर्शकों के इसी क्रेज को 7वें आसमान पर पहुंचाने के लिए फिल्म मेकर्स ने सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के फैंस को बड़ी ट्रीट दी है। निर्माताओं ने अपनी फिल्म के लीड स्टार जूनियर एनटीआर की अपकमिंग मूवी का फर्स्ट लुक भी जारी कर दिया गया है।

साथ ही मेकर्स ने सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की इस मूवी देवरा की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। इस फिल्म को मेकर्स 5 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में लाने की तैयारियों में लगे हुए है। साथ ही मेकर्स ने बता दिया है कि मूवी का नाम देवरा है। जिसके साथ ही मीडिया में चल रहीं उन रिपोर्ट्स पर भी आधिकारिक मुहर भी लग गई है। इसमें दावा किया जा रहा था कि इस फिल्म का नाम देवरा होने वाल है। जिन्हें जानकारी नहीं हैं उन्हें बता दें कि सुपरस्टार जूनियर एनटीआर स्टारर निर्देशक कोरताला शिवा की इस आने वाली मूवी में बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर लीड रोल में दिखाई देने वाला है। इसका धमाकेदार ऐलान मेकर्स ने कुछ समय पहले ही किया था। ये अदाकारा की पहली साउथ मूवी भी होने वाली है।

# सैनिक की बहादुरी पर प्रेरक फिल्म फौजा एक जून को रिलीज को तैयार




हरियाणा के अंदर इलाकों में फिल्माई गई एक जवान के जीवन पर बनी फिल्म फौजा 1 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

पवन मल्होत्रा अभिनीत फिल्म मुख्य रूप से कार्तिक डम्मू के इर्द–गिर्द घूमती है, जो नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा का पूर्व छात्र हैं। पवन मल्होत्रा को पहले सायंतन मुखर्जी वेब सीरीज रे में देखा गया था।

कार्तिक फिल्म में स्टूडेंट लाइफ जीते हुए दिखाई देंगे। कार्तिक कहते हैं, आज की तेज–तर्रार और प्रतिस्पर्धी कॉर्पोरेट दुनिया में, किसी के पेशेवर जीवन और व्यक्तिगत जुनून के बीच एक सामंजस्यपूर्ण संतुलन खोजना एक कठिन काम है। कार्तिक ने कहा, कई व्यक्ति अपने करियर की मांगों को पूरा करने और अपने व्यक्तिगत हितों को आगे बढ़ाने के बीच तालमेल बिठाने के लिए संघर्ष करते हैं। सावधानीपूर्वक योजना, प्रभावी समय प्रबंधन और आत्म–जागरूकता की एक मजबूत भावना के साथ, एक पूर्ण जीवन बनाना संभव है जो कॉर्पोरेट सफलता और व्यक्तिगत जुनून दोनों को जोड़ती है।

# 150 करोड़ कमाने वाली पहली मलयालम फिल्म बनी 2018, बॉक्स ऑफिस पर तोड़े ये रिकॉर्ड्स



इन दिनों साउथ फिल्में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं. कन्नड़ सिनेमा की कांतारा के बाद अब मलयालम सिनेमा का जलवा चल रहा है. सच्ची घटना पर आधारित मलयालम फिल्म 2018 ब्लॉकबस्टर हिट बन गई है. बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं. फिल्म का पूरा नाम 2018: एवरीवन इज ए हीरो रखा गया है जो साल 2018 में केरला में आई भीषण बाढ़ के मुद्दे पर बनी है. इसने बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है. इसके साथ ही 2018 दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली मलयालम फिल्म बन गई है. 2018 इसी महीने 5 मई को रिलीज हुई थी. बेहद कम बजट में बनी इस थ्रिलर फिल्म ने कुछ हफ्तों में कमाई के झंडे गाड़ दिए थे. खासतौर पर केरल में 2018 अब तक सबसे ज्यादा कमाई वाली फिल्म बन गई है. इसने सुपरस्टार मोहनलाल की फिल्म पुलिमुरुगन का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है. साथ ही मोहनलाल की 'लूसिफ़ेर', का भी रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है जिसने मात्र 12 दिन में 100 करोड़ कमाए थे. 2018: एवरीवन इज ए हीरो रिलीज के चौथे सप्ताह में केरल बॉक्स ऑफिस पर अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है. इसके अलावा 2018 ने मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की तीसरी दुनिया भर में 100 करोड़ की कमाई करने वाली फिल्म का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है. ऐसे में 2018 साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में शामिल हो गई है. फिल्म मलयालम, तेलुगू समेत हिंदी और कोरियन भाषा में भी रिलीज हुई है. चौथे शनिवार को फिल्म ने कुल 2.20 करोड़ कमाए थे. भारत में फिल्म ने अब तक 87 करोड़ और वर्ल्ड वाइड करीब 66 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. ऐसे में फिल्म का टोटल कलेक्शन 153 करोड़ हो गया है.

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com